हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



रजनीकांत की कुली में पूजा हेगड़े की एंट्री, पहली झलक आई सामने



www.naisochlive.com | पटना, रविवार, 02 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 14, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## हिमाचल में बादल फटे: बिजली-पानी सप्लाई ठप, मलबे में बह गई गाडियां, छह सौ सड़कें हुईं बंद



एजेंसी, शिमला

हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। यहां लगभग 6 सौ सड़कें बंद हो गईं और बारिश से बहे मलबे में कई गाडियां बह गईं। यहां दो दिनों तक हुई लगातार वारिस में 593 सड़कें अवरुद्ध हुई हैं। इनमें 85 जगहें राष्ट्रीय राजमार्ग पर हैं। कुल्लू के पाहनाला में बाढ़ के मलबे में आठ वाहन दब गए। कुल्लू में सरवरी नाले में गाड़ियों के लिए पार्किंग बनाई गई थी। बादल फटने के बाद पानी मलबे के साथ तेज गति से आया और गाड़ियों को अपने साथ बहा ले गया। भूस्खलन की वजह से मनाली फोरलेने हाइवे कई जगहों पर बंद हो गया है। हाइवे में पहाड़ से गिरा मलबा जमा हुआ है, जिसे हटाया जा रहा है।

कुल्लू के गांधीनगर नाले में बाढ़ से तीन वाहन मलबे में दब गए। मनाली में पेड़ गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और हडिम्बा मंदिर पर भी पेड़ टूटा है। कांगड़ा के मुल्थान में नौ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। छोटा भंगाल के मुल्थान में बादल फटने के बाद 12 घर खतरे की जद में हैं, यहां के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। फिलहाल शनिवार को मौसम शांत है और आने वाले दिनों में लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। चंबा की अति दुर्गम पागी घाटी में पिछले चार दिन से लगातार बर्फबारी हो रही थी। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सर्दी बढ़ गई और पागी घाटी शहर के बाकी हिस्सों से पूरी तरह कट गई। दो दिनों से बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। घाटी में जारी बर्फबारी अब रुक गई है और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। आज मौसम ठीक है, लेकिन आसमान में बादल हैं। यहां चार दिन में लगभग 3 फीट बर्फ पड़ चुकी है।

### 2263 ट्रांसफार्मर ठप

इसके अलावा बिजली के 2263 ट्रांसफार्मर ठप हो चुके हैं। इससे बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई है। 279 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। शुक्रवार को कुल्लू के पाहनाला और कांगड़ा के छोटा भंगाल के मुल्थान में बादल फटे, जबकि मंडी के वरोट के पहाड़ पर भी ऐसी ही आशंका जताई जा रही है।

## 15 मार्च तक पूरी कर ली जाएं लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण संबंधी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा

एजेंसी, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभिन्न जनपदों में चल रहीं केंद्र व राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमहत्व से जुड़ी विकास परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इनसे रोजगार सृजन के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना में देरी से कास्ट रिवाइज की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन भूमि अधिग्रहण/मुआवजा वितरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों/परिवारों से संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह व आयुक्त हर 15 दिन पर इसकी समीक्षा करें और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए नोट भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य नागरिक विकास चाहता है। उसे विकास के अच्छे परिणामों से अवगत कराएं। मुआवजा के लिए सर्किल रेट की जानकारी उसे पहले से ही प्रदान कर दी जाए।

प्रारंभ हो चुके प्रोजेक्ट्स में नोडल अधिकारियों की निश्चित रूप से तैनाती हो। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी द्वारा 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाएं। इसमें आ रहीं समस्याओं का तत्काल समाधान भी निकाला जाए। ग्रेनो में हॉस्पिटल निर्माण से लगभग एक हजार प्रत्यक्ष तथा दो-तीन हजार अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को चिह्नित करें और उनसे सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी से जुड़े कई विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली और इन कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।



## मणिपुर में 8 मार्च से सभी सड़कों पर लोगों की निर्विघ्न आवाजाही सुनिश्चित की जाए : गृहमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर जनता की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित की जाए और बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गृह मंत्रालय के अनुसार नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, सेना के उप प्रमुख, पूर्वी कमान के सेना कमांडर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और असम राइफल्स के महानिदेशक, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार और गृह मंत्रालय (एमएचए), सेना और मणिपुर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार मणिपुर में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि 8 मार्च, 2025 से मणिपुर में सभी सड़कों पर लोगों के लिए निर्विघ्न आवाजाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अमित शाह ने निर्देश दिया कि मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्धारित प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशे के व्यापार में शामिल पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाना चाहिए।

## अंबाला कोर्ट में पेशी पर आए युवक पर फायरिंग, मचा हड़कंप

एजेंसी, चंडीगढ़

अंबाला की अदालत में शनिवार को पेशी पर आए एक युवक पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। काले रंग की स्कॉर्पियो में आए बदमाशों ने युवक पर अंधाधुंध फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जांच में सामने आया है कि हमलावरों के निशाने पर अमन सोनकर नामक गैंगस्टर था। सोनकर के खिलाफ हत्या समेत कई केस चल रहे हैं। वह जमानत पर बाहर है। सिटी थाना प्रभारी सुनील वत्स के अनुसार अंबाला कैंट की खटीक मंडी का रहने वाला अमन सोनकर कोर्ट में पेशी पर आया था। जब वह कोर्ट परिसर के गेट के पास पहुंचा तो काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर गोलियां चलाईं। दोनों के बीच पुरानी रंजिश का मामला लगता है। बदमाश और युवक किस गैंग से जुड़े हुए हैं और बदमाशों ने इस घटना को क्यों अंजाम दिया यह पता लगाया जा रहा है। सिटी थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश सोनकर को मारना चाहते थे लेकिन कामयाब नहीं हुए। बदमाशों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। इसके लिए टीमों का गठन कर दिया गया है।

## ट्रंप, वेंस और जेलेंस्की में जुबानी जंग, नहीं हो सका यूक्रेन से समझौता, न बन सकी युद्ध रोकने पर बात

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति के औपचारिक कार्यक्रम को लेकर कार्यकारी कार्यालय के लिए अधिकृत ओवल ऑफिस में पहली बार ऊंची आवाज सुनी गई। व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग में स्थित ओवल ऑफिस में शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ हुई मुलाकात कड़वे अनुभव के साथ खत्म हो गई। यूक्रेन के साथ प्रमुख खनिज समझौते पर हस्ताक्षर भी नहीं हो सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के पूर्व निर्धारित संवाददाता सम्मेलन को भी अचानक रद्द कर दिया गया। ओवल कार्यालय में हुई जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की दूसरे कमरे में चले गए। इस बैठक में उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद रहे। अमेरिका के 'सीबीएस न्यूज' चैनल के अनुसार, ओवल ऑफिस में तीनों के बीच हुई गरमा-गरमी के बाद जेलेंस्की अलग कमरे में चले गए। ट्रंप, वेंस व अधिकारी ओवल ऑफिस में रुके रहे। इस दौरान जेलेंस्की के कमरे में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और राज्य सचिव मार्को रुबियो पहुंचे। दोनों ने उन्हें ट्रंप की नाराजगी से अवगत कराते हुए व्हाइट हाउस से चले जाने को कहा। ओवल ऑफिस की इस बैठक ने अमेरिका और यूक्रेन के बीच गंभीर मतभेदों को उजागर किया। इस वजह से यूक्रेन और अमेरिका के बीच दुर्लभ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके। न ही ट्रंप ने यूक्रेन पर रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होने का दबाव डाला। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकी दी कि वह युद्ध समाप्त करने की कोशिश से बाहर हो रहे हैं। वेंस ने जेलेंस्की पर अपमान करने का आरोप लगाया। इस बैठक में जेलेंस्की और वेंस के बीच जमकर तकरार हुई। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्धविराम समझौते के उल्लंघन के लिए जाने जाते हैं।



## पोप फ्रांसिस को हुई थी सांस लेने में दिक्कत, अब ठीक

एजेंसी, वेटिकन सिटी



होली सी प्रेस कार्यालय ने शनिवार सुबह कहा कि पोप फ्रांसिस रात अच्छी नींद सोये और आराम कर रहे हैं। उन्होंने सुबह अच्छा महसूस किया। इससे पहले शुक्रवार शाम उन्हें सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई थी। होली सी प्रेस कार्यालय के संक्षिप्त बयान में कहा गया, "एक शांत रात के बाद पोप आराम कर रहे हैं।" शुक्रवार शाम को बयान में कहा गया था कि ब्रोंकोस्पजम के बाद पोप फ्रांसिस की श्वसन स्थिति खराब हो गई। पोप को फौरन गैर-आक्रामक यांत्रिक वेंटिलेशन की सहायता से सामान्य स्थिति में लाया गया। 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को श्वसन तंत्र में संक्रमण के बाद 14 फरवरी से रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उनका डबल निमोनिया का इलाज चल रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, पोप फ्रांसिस ब्रोन्कियल संकट से पीड़ित हैं। वह सांस लेने में मदद करने के लिए मास्क का उपयोग कर रहे हैं। उन्हें खांसी के दौरे के बाद उल्टी करनी पड़ी। मेडिकल साइंस की भाषा में ब्रोन्कोस्पाज्म तब होता है जब ब्रोन्कियल लाइन ( फेफड़ों में वायुमार्ग) की मांसपेशियां कस जाती हैं।

## देश के प्रथम गांव माणा में हुए हिमस्खलन में 55 श्रमिकों में से पांच की तलाश जारी

एजेंसी, देहरादून



उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ से करीब छह किमी दूर माणा हिमस्खलन क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से राहत एवं बचाव दल को मौके पर पहुंचाया जा रहा है। सेना के आधिकारिक बयान के अनुसार, अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया है, जिनमें से चार की मृत्यु हो चुकी है, जबकि शेष पांच श्रमिकों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को हुए इस हिमस्खलन में सीमा सड़क संगठन (BRO) के 55 श्रमिक फंस गए थे। सेना और बचाव दल ने शुक्रवार से ही खोज एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया था।

शनिवार अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आज जीओसी-इन-सी, मध्य कमान लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने माणा हिमस्खलन क्षेत्र का दौरा कर बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने बताया कि शेष पांच श्रमिकों की खोज के लिए विशेष रेको राडार, यूएवी (ड्रोन), क्वाडकॉप्टर और हिमस्खलन बचाव कुत्तों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, हेलीकॉप्टरों के जरिए भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बर्फबारी से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण 6 हेलीकॉप्टरों की तैनाती की गई है, जिनमें भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के 2 चीता हेलीकॉप्टरऔर सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक नागरिक हेलीकॉप्टर शामिल है। बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए सेना और अन्य एजेंसियां लगातार प्रयासरत हैं।

## केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है : पीएम

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। बजट से पहले सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों। उन्होंने बजट में पीएम धन धान्य योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन क्षेत्रों में काफी निवेश किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है, स्वामित्व योजना से संपत्ति मालिकों को 'अधिकारों का अभिलेख' मिला है। हमने सेल्फ हेल्प ग्रुप की आर्थिक ताकत बढ़ाई है। हमने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। हमारे प्रयासों से सवा करोड़ से ज्यादा बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हो। हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हम कृषि को विकास का प्राथमिक इंजन मानते हैं। हम दो प्रमुख लक्ष्यों की ओर काम कर रहे हैं, पहला, कृषि क्षेत्र का विकास और दूसरा गांवों की समृद्धि। पीएम-किसान सम्मान निधि 6 साल पहले शुरू की गई थी और लगभग 3.75 लाख करोड़ रुपये सीधे 11 करोड़ किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने एक किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, ताकि देशभर के किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके।

# बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार शामिल होंगे?

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कई नेताओं के पुत्र चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं, जिनमें जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार एव वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह के पुत्र सोनू सिंह, भारतीय जनता पार्टी के कुम्हरार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा के बेटे आशीष सिन्हा, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र अजीत सिंह, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा के पुत्र माधव झा, पूर्व सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के पुत्र अभिमन्यु यादव शामिल हैं और सुर्खियों में हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पुत्र निशांत कुमार को अपनी राजनीति की अंतिम पारी में लाना चाह रहे हैं। इसकी चर्चा राजनीति गलियारों में खूब हो रही है। जानता दल यूनाइटेड (जदयू) और एनडीए में निशांत कुमार को राजनीति में इंट्री पर चुप्पी बनी हुई हैं। इससे लगता है कि इस इंट्री को मुक समर्थन है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने "प्रगति यात्रा" पूरी कर ली है। अब एनडीए पूरी तौर पर 2025 में भी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है। केन्द्रीय मंत्री एव पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार की राजनीति इंट्री का स्वागत किया है। ऐसे देखा जाए तो निशांत कुमार में वह सभी गुण हैं जो एक युवा राजनीतिज्ञ में होना चाहिए। यदि ऐसे लोग राजनीति में आते हैं तो, बिहार और देश, तरक्की की राह पर जा सकेगा। निशांत कुमार के लिए राजनीति में आने का यह बिल्कुल उपयुक्त समय है। यदि राजनीतिक विश्लेषक का माने तो उनका कहना है कि निशांत कुमार को बिल्कुल राजनीति में आना चाहिए, क्योंकि निशांत एक युवा हैं और उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनके निवास में रहकर और पिता के सानिध्य में उन्होंने राजनीति के गुर सीखे हैं। वह राजनीति में आते हैं तो यह बिहार की राजनीति के लिए शुभ संकेत होगा। आजकी राजनीति में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। युवाओं को यह लगता है कि युवा ही बेरोजगारी की समस्या का समाधान कर सकता है। ऐसे में निशांत कुमार युवा हैं और एक युवा यह बेहतर समझता है कि युवाओं के लिए क्या कुछ करना चाहिए। निशांत कुमार राजनीतिक परिवार से आते हैं उनके दादा स्वतंत्रता सेनानी थे और पिता लंबे समय से राजनीतिक जीवन में है। इन लोगों से उन्होंने बहुत कुछ सीखा होगा इसका लाभ वह बिहार को दे सकते हैं। निशांत कुमार जैसे युवा अगर बिहार की राजनीति में आते हैं तो यह एक अच्छा संकेत होगा। जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवाद के खिलाफ रहे हैं। उनके परिवार से अब तक कोई भी संसदीय राजनीति में नहीं है। अब जबकि नीतीश कुमार राजनीति के ढलान पर हैं तो वैसे स्थिति में सवाल यह उठा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की कमान कौन संभालेगा? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत की ओर लोग आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता निशांत कुमार को लेकर आशान्वित हैं। जबकि निशांत कुमार राजनीति में अभी दक्ष नहीं हैं, फिर भी निशांत कुमार एक विकल्प के रूप में दिख रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने कहा है कि इस पर अंतिम फैसला नीतीश कुमार को लेना है। अगर गौर से देखा जाए तो निशांत कुमार की राजनीतिक इंट्री को लेकर पूरी तरह से काम चल रही है। जदयू कार्यालय के बाहर निशांत कुमार का पोस्टर लग गया हैं। तेजस्वी यादव, उपेन्द्र कुशवाहा जैसे नेता उनका राजनीति में स्वागत कर रहे हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ का मानना है कि परिवारवाद को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया पर विरोधी दल हमेशा राजनीतिक हमला करते रहते हैं। लेकिन आज, कोई भी दल ऐसा नहीं लगता है, जो परिवारवाद से दूर है। देखा जाए तो, नेता पुत्र को ज़्यादातर सफलता नेता पिता के छत्र छाया में ही मिलती है। उदाहरण के रूप में देखा जाए तो बिहार की राजनीति में सक्रिय हैं, लालू प्रसाद के पुत्र तेजस्वी, तेज प्रताप और पुत्री मीसा भारती, स्व रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान, जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष मांझी, स्व जगन्नाथ मिश्रा के पुत्र नीतीश मिश्रा, जगदानंद सिंह के पुत्र सुधाकर सिंह, शिवानन्द तिवारी के पुत्र राहुल। अब देखना जाय तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के पुत्र, जगदानंद सिंह के छोटे बेटे, बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के बेटे नितिन, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे के पुत्र अर्जित शाश्वत, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पुत्र, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह के बेटे आनंद रमन, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के वरिष्ठ नेता हरि नारायण सिंह के पुत्र चुनाव लड़ने को तैयार दिख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीपी अजीत पवार गुट की कार्यसमिति की बैठक आज

**पटना।** चुनाव नजदीक अते ही राजनीतिक दलों ने प्रदेश में कमर कस ली है। इसी सिलसिले में राजनीतिक पार्टियों की ओर से बैठकों का दौर जारी है। इसी के तहत मिली जानकारी के अनुसार एनडीए में शामिल एनसीपी अजीत पवार गुट की एक दिवसीय कार्यसमिति की बैठक रविवार को राजधानी के होटल सम्राट में होगी। इसकी जानकारी देते पार्टी के मीडिया प्रभारी रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश संयोजक सूर्यकांत कुमार सिंह करेंगे। जबकि इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ब्रजमोहन श्रीवास्तव,राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी सच्चिदानंद सिंह,छात्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैतन्य सनी मानकर सहित कई नेता मौजूद रहेंगे।

### 2025 में 225 - फिर से नीतीशहण एनडीए का एक संकल्प और एक लक्ष्यः उमेश

**पटना।** शनिवार को मधेपुरा जिला के बीएन मंडल स्टेडियम में एनडीए कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसको संबोधित करते हुए जदयू ) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने एनडीए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूत एकता को कायम रखने एवं डबल इंजन सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए सरकार जन सरोकार की भावना के अनुरूप प्रदेशवासियों की बेहतरी हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में हमारा बिहार सर्वांगीण विकास की ओर नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुनहरा और स्वर्णिम हो इसके लिए हमें एनडीए को धरातल पर मजबूत बनाने का संकल्प लेना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि विगत 19 वर्षों के अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का कायाकल्प किया और विकास की लंबी लकीर खींची है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी सशक्तिकरण एवं औद्योगिक विकास सहित तमाम क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम हुए हैं। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2025 में 225 फिर से नीतीश एनडीए गठबंधन का एक लक्ष्य, एक उद्देश्य और एक संकल्प है। श्री कुशवाहा ने कहा कि राजद की सरकार में जातीय नरसंहार, हत्या, लूट, अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर था। परंतु हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2005 के बाद कानून का राज स्थापित कर जंगलराज से बिहारवासियों को मुक्ति दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने विकास और सुशासन की नीति पर चलकर नए बिहार का निर्माण किया है। हमारे नेता की नीति और नियत का कोई मुकाबला नहीं है। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, सांसद दिनेश चंद्र यादव, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधायक निरंजन मेहता, एनडीए कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह सहित कई नेता मौजूद रहे।

### बौखलाहट में बोल रहे हैं तेजस्वी बेसुरे बोल : राजीव

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने तेजस्वी यादव द्वारा नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार को खटारा कहे जाने पर पलटवार करते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों में राजद के संभावित सफाए से परेशान होकर वह ऐसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। दरअसल आजादी के बाद पिछले बीस वर्षों का नीतीश कुमार का कार्यकाल सर्वश्रेष्ठ है जिसने राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। श्री प्रसाद ने कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व में पिछली सरकारों ने राज्य को भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था एवं वित्तीय अराजकता के चंगुल में धकेल दिया था, जिसे दृढ़ संकल्प एवं ईमानदारी के साथ नीतीश कुमार ने समाप्त कर एक संभावनाओं का प्रदेश को स्थापित किया ।श्री प्रसाद ने कहा कि पलायन, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी बढ़ने के तेजस्वी के आरोप पूर्णतः निराधार हैं क्योंकि पलायन के आंकड़े 12 फीसदी कम हुए हैं, वहीं कानून व्यवस्था एनसीआरबी के आँकड़ों के अनुसार देश के ज्यादातर राज्यों से बेहतर हैं, वही सरकारी नौकरियों एवं रोजगार के आंकड़े पूरे देश में बिहार की श्रेष्ठता स्थापित करते हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि तेजस्वी के झाँसे में बिहार की जनता नहीं आने वाली । लैंड फॉर जॉब मामले में उनकी संलिप्तता ने उनके नौकरियों के बदले जमीन लेने की कहानियाँ जन जन तक पहुँच गई हैं वहीं लोग उनके परिवार के शासन के दौरान बदहाली और भ्रष्टाचार को आज भी नहीं भूले हैं । इसीलिए उनकी दाल नहीं गलने जा रही है।

### 3-5 मार्च किसान सभा का 35 वां राज्य सम्मेलन मोतिहारी में

**पटना।** बिहार राज्य किसान सभा का 35 वाँ बिहार राज्य सम्मेलन 3-5 मार्च, 2025 को का० पीतम्बर सिंह नगर, टाउन हॉल मोतिहारी में होने जा रहा है। इस आशय की जानकारी किसान सभा के राज्य संयोजक रामचन्द्र महतो एवं सह संयोजक प्रमोद प्रभाकर ने दी। किसान नेताओं ने कहा कि राज्य के सभी जिलो से चुने हुए सात सौ किसान प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर तीन मार्च को आयोजित किसानों की सभा को भाकपा के राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पान्डा, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षत्र सागर एवं राष्ट्रीय महासचिव रायुला वेंकैया सम्बोधित करेंगे। किसान नेताओं ने कहा कि सम्मेलन में खेती और किसानी पर उत्पन्न संकट, केन्द्र व राज्य सरकार की आर्थिक एवं कृषि नीति पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा।बाढ़, सुखार के स्थायी निदान के प्रति सरकार की उदासीनता पर विमर्श कर किसान आन्दोलन का दिशा तय किया जाएगा।राज्यभर से आए तपे तपाए किसान प्रतिनिधि मोतिहारी में आयोजित किसान सम्मेलन में किसानों के फसल का एमएसपी, ऋण माफी, फसल बीमा, किसान पेंशन आदि मुद्दों पर सरकार को घेरने का रणनीति बनाएगा और संघर्ष तेज करने का संकल्प लेगा।

### सीएम के जन्मदिन पर हनुमान मंदिर पहुंचे निशांत

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 74 वें जन्मदिन पर उनके लिए दुआ मांगने उनके बेटे निशांत कुमार पटना स्टेशन के हनुमान मंदिर पहुंचे। पूजा-अर्चना करते हुए पिता को फिर से मुख्यमंत्री बनाए जाने की दुआ मांगी। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री सहित तमाम नेताओं ने विश किया है। साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। निशांत कुमार ने बताया कि हमारे पिता ने बिहार के लिए बहुत काम किया है। बिहार के प्रगति और विकास के लिए ही हमेशा काम करते रहे हैं। आज उनके जन्मदिन पर ईश्वर से प्रार्थना किया हूं की ईश्वर की कृपा हम दोनों पर बनी रहे। पिताजी एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बनें। बिहार के मुख्यमंत्री 74 साल के हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी उनको बधाई दी है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार को 74 वें जन्म दिन की हार्दिक बधाई और ढ़ेरो शुभकामनाए

**हैप्पी बर्थ डे टू नीतीश कुमार-रवींद्रकुमार रतन**

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** आधुनिक बिहार के निर्माता , शिल्पकार विकास पुरुष ,सुशासन बाबू परमादरणीय बिहर के लगभग 20 वर्षों से लगातार रह रहे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 74 वें जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई और ढ़ेरो शुभकामनाएं। महात्मा गाँधी ,डा 0 राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री,लोक नायक जयप्रकाश नारायण ,राम मनोहर लोहिया और जन- नायक कर्पूरी ठाकुर की विकास शील परम्परा को आगे बढाने ,उनके सपनों को साकार करने के कार्य को बढाने का काम ही नीतीश जी की प्राथमिकता है। नीतीश बाबू ने जिस तरह रोते बिहार कोहंसते बिहारमेंबदला है, जिसतरहसडकों,विद्यालयों चिकत्सालयों के साथ -साथ आधि आवादी के हित में अनेकों फैसले लिए हैं उसकी तश्विर सिर्फ कागज पर ही नहीं अपितु धरातल पर देखने को मिलता है। आज आपका 74 वां जन्म दिन है हम साहित्य और राजनीति में अपने समाज का छोटा सा सिपाही आपको दे ही क्या सकता हूँ, सिवा इस कामना के साथ आपके सुन्दर स्वस्थ्य सुखी जीवन, शतायु, दीर्घायु होने ,एवं सुदृढ भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ आपके जन्म दिवस पर अपने हिर्दय का उद्गार शब्द सुमनों में सादर समर्पित कर रहा हूँ :-

रोते बिहार ने खोजा यहाँ
पर एक ऐसा राजकुमार ।
जो हंसता बिहार बनाके
चलाए यहाँ की सरकार।
काँटों का ताज पहन करके
जिसने बदल दिया बिहार ।
वही विकास पुरुष बन करके
निकले हैं नीतीश कुमार ।।
यूग-युग तक जियें,यशोः वर्धनं ।

# प्रजातांत्रिक संविधान - आयुर्वेदिक सनातन हिन्दू राष्ट्र का विमोचन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** माननीय जितेन्द्र जी नगर संघचालक के कर कमलों द्वारा कन्हैया जी आनन्द जी की लिखित पुस्तक प्रजातांत्रिक संविधान - आयुर्वेदिक सनातन हिन्दू राष्ट्र का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों ने कन्हैया जी की रचित पुस्तक प्रजातांत्रिक संविधान- आयुर्वेदिक सनातन हिन्दू राष्ट्र की काफी सराहना किया और इस पुस्तक को समाज के लिए उपयोगी बताया।

# बिहार में नौकरियों की बहार है, एनडीए सरकार है : प्रभाकर

नई सोच एक्सप्रेस

» मुख्यमंत्री ने 59,028 विशिष्ट शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र
» लालू-राबड़ी के शासनकाल में वैकेंसी निकलने पहले ही सभी पदों के लिए लग जाती थी बोली

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार में नौकरियों की बहार है। एनडीए की सरकार में युवाओं को नौकरी पाने का यह स्वर्णिम अवसर है। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने नौकरी देने का कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने 59,028 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इनमें 55,845 प्रारंभिक शिक्षक, 2,532 माध्यमिक शिक्षक तथा 651 उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र वितरण करने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। श्री मिश्र ने कहा कि अबतक 2.53 लाख शिक्षकों की बहाली हो चुकी है। नियोजित शिक्षकों का आंकड़ा अलग है। सिर्फ शिक्षा विभाग में ही नहीं, हर विभाग में एनडीए सरकार में मेगा बहाली हुई है। मेधावी अभ्यर्थियों को नौकरी पाने का इससे बेहतर अवसर नहीं मिल सकता। जो प्रतिभाशाली हैं, उन्हें नौकरी प्राप्त करने से कोई रोक नहीं सकता। श्री मिश्र ने कहा कि यह एनडीए की सरकार, इस सरकार में नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी सावधानी और पारदर्शिता बरती जाती है। वह दिन गया, जब लालटेन युग में हर तरफ भ्रष्टाचार का अंधकार था। लालू-राबड़ी के शासनकाल में वैकेंसी निकलने के पहले ही सभी पदों की बोली लगी जाती है। रेलवे ग्रुप डी में नौकरी के बदले जमीन हड़प ली जाती थी। यह एनडीए के सुशासन का काल है। जो योग्य उम्मीदवार हैं, उन्हें ही नौकरी दी जाती है।

# भाजपा नेत्री माला सिन्हा के पुत्र के रिसेप्शन में जुटे बिहार की सियासत और समाज के बड़े चेहरे

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भाजपा नेत्री एवं वार्ड पार्षद माला सिन्हा रमन और कुमार कंस्ट्रक्शन के मालिक सितेश रमन के पुत्र शांतनु कुमार के भव्य रिसेप्शन समारोह में बिहार की राजनीति, प्रशासन, व्यापार और समाज के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। यह समारोह सिर्फ एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक मेल-मिलाप का बड़ा मंच बन गया।

**"राजनीति और प्रशासन के दिग्गज हुए शामिल"**-इस खास अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, कुमार विधायक अरुण कुमार सिंह, चर्चित पुलिस अधिकारी रमाकांत प्रसाद, पूर्व एमएलसी आजाद गांधी, दीघा के बिट्टू सिंह सहित राज्य के कई चर्चित नेता और गणमान्य लोग पहुंचे।

**"कायस्थ राजनीति में मजबूत पकड़, चुनाव लड़ने की चर्चा तेज!"**-माला सिन्हा और उनके पति सितेश रमन का बिहार की कायस्थ राजनीति में बड़ा नाम है। हाल ही में यह चर्चा जोरों पर है कि माला सिन्हा आगामी विधानसभा चुनाव में कुमार विधानसभा क्षेत्र से किस्मत आजमा सकती हैं। रिसेप्शन समारोह में जिस तरह से कई बड़े राजनेताओं की मौजूदगी देखी गई, उससे इस चर्चा को और बल मिला है।

**"बिल्डर, डॉक्टर, पत्रकार, समाजसेवी भी रहे शामिल"**-राजनीति से इतर, कार्यक्रम में बिहार के नामी बिल्डर, डॉक्टर, पत्रकार और समाजसेवियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन सामाजिक सौहार्द और राजनीतिक रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**"सियासी संकेतों से भरपूर रहा समारोह!"**-राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि इस रिसेप्शन समारोह ने बिहार की कायस्थ राजनीति को एक नया मोड़ दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में माला सिन्हा किस तरह अपनी राजनीतिक पारी को आगे बढ़ाती हैं और क्या यह आयोजन उनके लिए चुनावी रणभूमि में एंट्री का संकेत है?

# पटना में पहली बार पुरुष प्रतिभा सम्मान- 2025 का आयोजन नौ मार्च को

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** द टाइगर इवेंट्स और केंद्रीय मानवाधिकार के सौजन्य से राजधानी पटना मे पहली बार पुरुष प्रतिभा सम्मान 2025 का आयोजन नौ मार्च को किया जा रहा है। द टाइगर इवेंट के डायरेक्टर केशरी टाइगर और सेंट्रल ह्यूमन राइट्स के बिहार सेक्रेटरी रिपु राज ने बताया कि जिन्होंने अपने प्रतिभा पर अपनी पहचान बनाई है उन्हें पुरुष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा,हमारे पूरे भारत में बहुत सारे ऐसे पुरुष हैं, जिन्होंने अपने प्रतिभा अपनी लगन,संघर्ष मेहनत और जूनून से अपनी नाम की पहचान बनाई है। उन्होंने अपने कार्य से अपने समाज, गांव,जिला,राज्य एवं देश में मिसाल कायम की , ऐसे प्रतिभाशाली 101 पुरुष को पुरुष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। महान पुरुष वह व्यक्ति होते है, जिनका समाज में कोई विशेष योगदान होता है। यह पुरुष प्रतिभा सम्मान उस व्यक्ति के लिए है। जिसने अपने कार्यों से समाज या विश्व के उत्थान तथा विकास में कोई महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। यदि आप नृत्य या संगीत के माध्यम से इस आयोजन को सफल बनाना चाहते हैं तो मुझे एक बार जरूर अपना प्रोफाइल भेजें क्योंकि आपकी प्रतिभा भी हमारे लिए एक पुरुष प्रतिभा सम्मान का काम करेगा विशेष जानकारी के 9708174417 पर संपर्क करें।




# सभी जिले में स्थापित होगा धान अधिप्राप्ति केन्द्र : एफसीआई

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय पटना द्वारा मण्डल कार्यालय दीघाघाट पटना में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति संबंधी विशेष जानकारी प्रदान करने, विभिन्न किसान उत्पादक संघठनों के माध्यम से गेंहू खरीदने एवं गेंहू के बढे हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रेस एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके दौरान भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक(क्षेत्र) अमित भूषण ने बिहार में गेंहू की खरीद हेतु व्यापक तैयारियों के बारे में बताया। महाप्रबंधक बिहार ने बताया कि आगामी रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूँ खरीद हेतु भारतीय खाद्य निगमबिहार के सभी 38 राजस्व जिलोंमें पर्याप्त खरीद/अधिप्राप्ति केंद्र स्थापित करेगी तथा पूरे बिहार में 151गेहूँ अधिप्राप्ति व खरीद केंद्र खोल रही है रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है तथा बिहार राज्य में गेहूँ खरीद/अधिप्राप्ति का कार्य 01 अप्रैल 2025 से 15 जून 2025 तक जारी रहेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक(बिहार क्षेत्र) अमित भूषण ने इस वर्ष अधिक से अधिक गेंहू की खरीद/अधिप्राप्ति करने हेतु विभिन्न किसान उत्पादक संघठनों का आव्हान कियाऔर कहा कि वे अपने सदस्य किसानों को भारतीय खाद्य निगम के गेंहू खरीद/अधिप्राप्ति केंद्र पर लाने के लिए प्रेरित करें सम्बंधित किसान के खाते में उसी दिन समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान कर दिया जाएग तथा सम्बंधित किसान उत्पादक संघठन को सरकार की भागीदारी करने के फलस्वरूप 27 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से कमीशन भी दिया जायेगा। स्थल पर लगभग 100 किसान उत्पादक संघठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे जिनसे गेहूँ खरीद प्रक्रिया में उनकी भागीदारी एवं देश के विकास में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर किसान उत्पादक संघठनों के समर्थक संघठन जैसे नाबार्ड, राष्ट्रिय सहकारी विकास परिषद एवं नाफेड के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ललित नारायण मिश्रा संस्थान ने किया 'उद्गम एक्सपो' का आयोजन

**पटना।** ललित नारायण मिश्रा इंस्टिट्यूट ऑफ इकनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज (LNMI) के एंटरप्रेन्योर सेल (E-Cell LNMI) द्वारा बिहार सरकार और स्टार्टअप बिहार के सहयोग से 'उद्गम एक्सपो' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ, जो अपने व्यावसायिक विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच की तलाश में थे। इस सफल आयोजन में विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों ने भाग लिया और एक ही छत के नीचे अपने इनोवेटिव बिजनेस आइडियाज को साझा किया। संस्थान के रजिस्ट्रार श्री सुधीर कुमार ने इस अवसर पर कहा, "हम एक मैनेजमेंट संस्थान के रूप में केवल भविष्य के प्रबंधकों को तैयार करने पर ही ध्यान नहीं देते, बल्कि हम भविष्य के उद्यमियों और व्यवसायियों को भी प्रोत्साहित करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हमेशा हमारे लिए एक विशेष अवसर होता है, क्योंकि कई नवाचारशील दिमाग यहीं से अपने स्टार्टअप की यात्रा शुरू करते हैं।" यह कार्यक्रम छात्रों और युवा उद्यमियों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर बना, जिससे उन्हें अपने विचारों को आगे बढ़ाने और सही दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त करने का मौका मिला।

## विकास पर सवाल उठाने से पहले अपने माता-पिता के शासनकाल को याद करें तेजस्वी : अरविंद

**पटना।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के ट्वीट की तीखी आलोचना की और अपने माता-पिता के पंद्रह साल के शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार और सैकड़ों नरसंहारों के बारे में भी ट्वीट करने की चुनौती दी है। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने कहा कि साल 1990 से लेकर साल 2005 तक के राजद शासनकाल के दौरान बिहार की कबाड़ा सड़कें राज्य एवं देश की जनता के लिए मजाक बन गई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल की चर्चा करते हुए पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि दो दशकों में बिहार में ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क में 139 गुना की वृद्धि हुई है और पिछले 20 वर्षों में ग्रामीण सड़कों के निर्माण में 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। बिहार में पिछले डेढ़ दशक में पशुधन, दूध, अंडा, मांस और मछली के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार विधान मंडल में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में पशुओं की संख्या में 35.5 प्रतिशत, मुर्गी पालन में 18.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है साथ ही दूध उत्पादन में 30.9 प्रतिशत वृद्धि हुई है वहीं राज्य में मछली का उत्पादन 8.73 लाख टन हो गया है।

## जदयू प्रदेश कार्यालय में मना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन

**पटना।** जदयू प्रदेश कार्यालय में युवा जद के द्वारा केक काटकर धूमधाम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर मौजूद पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व विधानपार्षद वाल्मीकि सिंह, युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत राज, हुलेश मांझी, युवा जदयू के प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु पांडे, मनीष कुमार, प्रदेश महासचिव विवेक कुमार, सहित कुश पांडेय, विशाल मल्होत्रा, जीशान, अयान शोएल, राहुल कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, सन्नी कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, उत्तम सिंह, प्रकाश पासवान, राहुल राय, ध्रुव कुमार, सोनू कुमार, विशाल कुमार सहित दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जन औषधि दिवस के तहत पदयात्रा

**पटना।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि दिवस 1 मार्च से 7 मार्च तक मनाया जाता है। इसके पहले दिन पदयात्रा का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि गंगा प्रसाद,पूर्व राज्यपाल सिक्किम एवं केंद्र संचालक पवन केजरीवाल एवं नोडल ऑफिसर बिहार संदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा आईजीआईएमएस ओपीडी भवन के निकट आंगदान एवं दिव्यांगता को समर्पित पार्क से मेन गेट एवं बेली रोड होते हुए वापस आईजीआईएमएस ओपीडी भवन के निकट आंगदान एवं दिव्यांगता को समर्पित पार्क में समाप्त हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में केंद्र संचालक एवं मेडिकल स्टाफ ने बुलंद आवाजों से उत्तम दवाई,सस्ती दवाई,जन औषधि दवाई का नारा लगाते हुए अस्पताल परिसर में पदयात्रा किया गया। इस अवसर पर बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## डॉ श्रीकृष्णसिंह की स्मृति में विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित करेंगे मनोज सिन्हा

**पटना।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा श्रीकृष्ण सिंह की स्मृति में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कृति और ख्याति से प्रेरित करनेवाले धरोहरों को सम्मानित करने जम्मू कश्मीर के एल जी मनोज सिन्हा पटना आयेंगे। इसकी जानकारी बिहार इंटेलेक्चुअल फोरम के संयोजक प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ निशिकांत कुमार एवं नेत्र सर्जन डा निम्मी रानी ने दी। डा निशिकांत कुमार ने बताया कि विकसित बिहार की जो सोच डा श्रीकृष्ण सिंह की रही, उसी सोच से प्रेरित होकर पिछले दो साल से विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जा रहा। यह समारोह 11 मार्च को रवीन्द्र भवन में आयोजित होगा। नेत्र सर्जन डा निम्मी रानी ने बताया कि श्रीबाबू हमारे घर,गांव और समाज की विरासत हैं। उनकी सोच को आगे बढ़ाना और उसे पूरा करना मौजूदा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। मेडिवर्सल फाउंडेशन के नवनीत रंजन ने बताया कि पिछले साल पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित लोकगायिका शारदा सिन्हा, डा विजय प्रकाश, सुधा वर्गीज और खान सर जैसी विभूतियों को डा श्री कृष्ण सिंह सम्मान से सुशोभित किया गया। इस बार भी मापदंड और उत्कृष्टता के समायोजन से प्रदेश की दिग्गज हस्तियों को शामिल किया जायेगा।

## शैलेंद्र कुमार स्मृति अंडर-15 अंतर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से पटना में

**पटना।** आगामी 2 मार्च से पटना में सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में कासा पिकोला रेस्टूरेंट के सहयोग से वरिष्ठ खेल पत्रकार शैलेंद्र कुमार की स्मृति में आयोजित होने वाले शैलेंद्र कुमार मेमोरियल अंडर-15 अंतर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच श्रीराम खेल मैदान बनाम एसके पुरी पार्क एकेडमी के बीच खेला जायेगा। दूसरा मुकाबला स्कूल क्रिकेट एकेडमी और सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला जायेगा। यह जानकारी देते हुए आयोजन सचिव नवीन कुमार ने बताया कि मैच नॉक आउट आधार पर 25-25 ओवरों के खेले जायेंगे। प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में पुरस्कारों की बरसात होगी। विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी समेत कई आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतिदिन मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट विकेटकीपर, मैन ऑफ द टूनार्मेंट समेत कई अन्य पुरस्कार भी दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में खेलने हेतू आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाना होगा।

# शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते : प्राचार्य

नई सोच एक्सप्रेस

» प्रोफेसर रणवीर नंदन बने बीएन कॉलेज भूगर्भ शास्त्र विषय के नये विभागाध्यक्ष



**पटना।** बीएन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं हो सकते हुए पूरी उम्र तक बच्चों को शिक्षा देकर उनका भविष्य निर्माण कर सकते हैं। डॉ राज किशोर प्रसाद शनिवार को बीएन कॉलेज में भूगर्भ शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश्वर तिवारी के विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की अखिलेश्वर तिवारी एक विद्वान शिक्षक रहे हैं और उनकी सेवा की जरूरत महाविद्यालय को जब भी पड़ेगी बेहिचक ली जाएगी। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय पीजी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार ने घोषणा की की अखिलेश्वर तिवारी के सेवानिवृत्ति की पश्चात इस महाविद्यालय के वरीय शिक्षक व पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर प्रोफेसर रणवीर नंदन को भूगर्भ शास्त्र विभाग भाग का नया अध्यक्ष अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश्वर तिवारी जी की खासियत रही है कि वह कभी नाराज नहीं होते हैं और इनका बीएन कॉलेज से गहरा लगा था। इस मौके पर पूर्व विधान पार्षद और बीएन कॉलेज के भूगर्भ शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रणवीर नंदन ने कहा कि उन्होंने अपने प्राचार्य के कहने पर इस महाविद्यालय में अपने विधान परिषद के फंड से कॉलेज का खेल मैदान का निर्माण कराया। उन्होंने कहा की भूगर्भ शास्त्र विभाग के छात्र जीवन के हर क्षेत्र में मिलते हैं आज यूपी के मुख्य सचिव वह डीजीपी जियोलॉजी डिपार्टमेंट के ही छात्र हैं। उन्होंने वर्तमान प्राचार्य की तारीफ करते हुए कहा कि डॉ राज किशोर प्रसाद के कार्यकाल में महाविद्यालय के आधारभूत संरचना और शैक्षणिक माहौल दोनों का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की की सीस्मिक रिसर्च सेंटर को चालू करने के लिए भूगर्भ शास्त्र विभाग के सेवानिवृत शिक्षकों की सेवा ली जाए। उन्होंने बताया कि बीएन कॉलेज जियोलॉजी विभाग के 50 साल पूरे हो गए हैं और इस मौके पर एक शानदार कार्यक्रम भी होना चाहिए। कार्यक्रम में पटना साइंस कॉलेज के प्राचार्य एवं भूगर्भ शास्त्र भाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर अतुल आदित्य पांडे ने कहा कि उन्होंने अपने सेवा के आरंभ काल में पीएचडी की ट्रेनिंग अखिलेश्वर तिवारी के नेतृत्व में ही ली थी और यह जूलॉजिकल सर्वे कार्य में उनके साथ काम किया इनकी शोध समझ डॉ पांडेय को काफी आकर्षित करता है। इस मौके पर सेवानिवृत्ति ले रहे शिक्षक एवं बीएन कॉलेज भूगर्भ शास्त्र विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष अखिलेश्वर तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम जो उनके विदाई के लिए आयोजित किया गया है इसके लिए सभी शिक्षकों को हुए दिल से आभार व्यक्त करते हैं और उन्होंने कहा कि आगे भी यह विभाग डॉक्टर रणबीर नंदन की नेतृत्व में काफी तेजी से उत्तरोत्तर विकास करेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई शिक्षकों के लिए एचडी के दौरान गाइड का काम किया है आज वह कई जगहों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। विदाई समारोह का संचालन प्रोफेसर मांगलिक और धन्यवाद ज्ञापन बीएन कॉलेज भूगर्भ शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉक्टर अभय प्रकाश ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक धनजी चौधरी सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# कलवार समाज के भाजपा नेता को मंत्री नहीं बनाना, कलवार समाज का घोर अपमान : डॉ अरविन्द वर्मा, चेयरमैन

» एनडीए नेताओं को भुगतना पड़ेगा खामियाजा, आगामी चुनाव में - डॉ अरविन्द वर्मा, चेयरमैन

» कलवार समाज के राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल के इस्तीफा से रिक्त हुए मंत्री पद पर सिर्फ़ कलवार का हक



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** कलवार समाज के लाल डॉ दिलीप जायसवाल ने अंतरात्मा की आवाज़ पर अपनी पार्टी भाजपा की नीति "एक व्यक्ति,एक पद" के कारण राजस्व मंत्री पद से स्वेच्छा से इस्तीफ़ा दिया। नीतीश सरकार में मंत्रीपद का विस्तार हुआ, जिसमें सात नए मंत्रियों ने शपथ लिया। सात में से एक भी मंत्री कलवार समाज से नहीं हुआ जो घोर निराशाजनक बातें हैं। कलवार समाज के कद्दावर नेताओं में पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद और तेज तर्रार युवा भाजपा विधायक पवन जायसवाल जैसे नेता पूरे बिहार में लोकप्रिय हैं। बावजूद इसके इनमें से किसी एक को भी मंत्री नहीं बनाना कलवार समाज का घोर अपमान है, जिसे बिहार के कलवार समाज कदापि बर्दास्त नहीं करेगी। प्रतिक्रिया स्वरूप हो सकता है, इसका खामियाजा एनडीए की नीतीश सरकार को भुगतना न पड़ जाए। कलवार समाज के मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल इस्तीफ़ा दिए तो नियमानुसार कोई कलवार को ही मंत्री बना कर रिक्त पद को भरा जाता। ऐसा नहीं करने से एनडीए नेताओं ने कलवार समाज के प्रति अपना रुख स्पष्ट कर दिया, खामियाजा तो भुगतना ही पड़ेगा आने वाले विधान सभा चुनाव में।

# ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल ने मनाया 12वां वार्षिकोत्सव, बोरिंग रोड ब्रांच के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल की बोरिंग रोड शाखा ने अपना 12वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्कूल की प्राचार्या गरिमा धरणीधरका के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। " पैलेट ऑफ वंडर्स " थीम पर आधारित इस आयोजन में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए द डे द क्रेयॉन्स क्विट पर रंगारंग नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। 150 से अधिक बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने व्हाइट थीम पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांविका सिंह, वेदांत सहवान, मेघा दिवित सहित अन्य छात्रों ने ब्लैक एंड व्हाइट रेट्रो डांस की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण द डे द क्रेयॉन्स क्विट नाटक रहा, जिसे स्वरा श्रीवास्तव, वीरांश संग्राम, श्रीनिका सामंता सहित अन्य छात्रों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक ने ब च्चों के दैनिक जीवन में रंगों की भूमिका को प्रभावी ढंग से उजागर किया। बोरिंग रोड शाखा की वरिष्ठ छात्रा नियारा रंजन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जबकि जयश मदन सिन्हा को खेल में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन नर्सरी के नन्हे छात्रों - माही सचदेव और श्रेयांश द्वारा भारत के तिरंगे से प्रेरित ऊर्जावान प्रस्तुति से हुआ। अंत में, स्कूल समन्वयक श्वेता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# समाज के बेहतरी के लिए अपनी जान लगा दूँगा : प्रेम कुमार



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बीआईए सभागार में स्वामी सहजानंद किसान वाहनी की ओर से पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य सभा सांसद भीम सिंह एवं वाहनी के अध्यक्ष रविन्द्र रंजन ने अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक सह बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव गांधीवादी प्रेम जी को सम्मानित किया । सम्मान मिलने के बाद प्रेम जी ने कहा कि यह सम्मान फाउंडेशन के लाखों स्वयंसेवको को अर्पित है जो सेवा भाव से बिना थके हारे रात दिन काम मे लगे है । उन्होंने कहा कि समाज के बेहतरी के लिए जान लगा देंगे । भारत दुनिया का सबसे युवा देश है । युवाओ के शक्ति को संगठित कर हम विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो सकते है । उन्होंने युवाओ से अपील किया कि स्वामी सहजानंद सरस्वती के साहस और हिम्मत को अपनाकर दुराचारी,अत्याचारी और काले अंग्रेजो और नव जमींदारों को जमींदोज करने का समय आ गया है । मौके पर बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी, पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल, पूर्व विधान पार्षद आजाद गाँधी, महिला नेत्री संगीता सिंह समेत सैंकड़ो लोग मौजूद रहे ।

# होली हमारी संस्कृति का प्रतीक : डॉ शांति राय




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शांति राय ने कहा कि होली हमारे संस्कृति का प्रतीक है और इस अवसर पर हम अपने पुराने भेद को भूलकर एक दूसरे से गले मिलते हैं। डॉ शांति राय राजधानी के होटल मौर्या में प्रथम भूमिहार महिला समाज की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि होली ऐसा त्योहार है जिसमें हम खान पान के साथ-साथ होली गीतों के साथ उमंग मनाते हैं और दूसरों को बधाई देते हैं। इस मौके पर आयोजिका संगठन सचिव नीरू सिंह व अध्यक्ष अनामिका शर्मा ने कहा कि इस होली मिलन के माध्यम से प्रदेश भर की भूमिहार महिलाएं एकत्रित होकर गीतों पर नाचती -झूमती है जिससे यह उत्सव त्योहार की तरह हो जाता है। इस मौके पर पूर्व सांसद वीणा सिंह, रागनी सिंह, कोषाध्यक्ष नीरा सिंह, डॉ स्वाति राय, दिव्या शर्मा, ममता शर्मा, रिनीता सिंह, समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद होकर होली उत्सव का आनंद लिया। इस मौके पर राधा कृष्ण के वेश में कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

# एरियर भुगतान के नाम पर वसूली करने वाले पदाधिकारियों पर हो कारवाई : समरेंद्र

नई सोच एक्सप्रेस

» जिले के लगभग 16 प्रखण्डों में किया जा चुका है भुगतान परंतु मढ़ौरा में अब भी है लंबित : सूर्यदेव सिंह



**छपरा।**जिले के मढ़ौरा प्रखण्ड के शिक्षकों ने प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी पर एरियर भुगतान के नाम पर पंद्रह हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया। शिक्षकों ने वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान के मांग के प्रति मढ़ौरा बीइओ पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने कहा कि ओडीएल ग्रुप बी तथा सी प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों का एरियर बकाया है। जिसका भुगतान जिले के लगभग 16 प्रखण्डों में किया जा चुका है परंतु मढ़ौरा बीइओ द्वारा भुगतान के नाम पर चंदे की बात कही जा रही है।मौके पर उपस्थित परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने मांग की है कि ऐसे एरियर भुगतान के नाम पर वसूली करने वाले अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। वहीं,शिक्षकों के एरियर की जल्द से जल्द भुगतान की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने पर विवश होंगे। इस मौके पर शिक्षक नेता सूर्यदेव सिंह,मनोज कुमार सिंह, लोकनाथ सिंह, रंजीत कुमार सिंह, सत्यनारायण शाह, विनोद कुमार , सुधा कुमारी, बिंदु कुमारी, सुनीता कुमारी, परवेज आलम, विनोद कुमार विद्यार्थी, राजकुमार, फिरोज इकबाल, अंकित कुमार सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, शाहजहां अंसारी, गुलाम साबिर, मेराज आलम, फतेह आलम, शैलेश कुमार राम, सुभाष राय, संतोष कुमार, रविंद्र राय, अर्जुन कुमार हरिजन, सगीरूद्दीन, मोहम्मद सगीर अंसारी उपस्थित थे।

# नौबतपुर के फरीदपुर गांव में कैंप व आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** नौबतपुर स्थित फरीदपुर गांव में राजस्व संग्रहण व विद्युत विपत्र में सुधार हेतु शिविर का आयोजन करने के साथ-साथ उपभोक्ता में स्मार्ट प्रीपेड मीटर, कृषि कनेक्शन, पीएम सूर्य योजना के तहत सौर ऊर्जा प्लांट के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में गांव वालों की विद्युत संबंधित समस्याओं का निवारण किया गया। साथ ही साइबर अपराधियों की पहचान कर उनसे सावधान रहने के भी तरीके बताए गए। कैंप में बड़ी संख्या में गांव वालों ने शिरकत किया। कई ग्रामीणों की समस्याओं तत्काल समाधान कर दिया गया, जबकि कुछ ग्रामीण की समस्याओं को दर्ज कर उनके समाधान के लिए आगे प्रेषित किया गया। ग्रामीणों की सबसे अधिक संख्या मीटर रिप्लेसमेंट को लेकर थी। ग्रामीण पीएम सूर्य योजना के तहत सोलर प्लांट के इंस्टॉलेशन में भी गहरी अभिरुचि दिखा रहे थे। उन्हें पीएम सूर्य योजना के तहत सोलर प्लांट इंस्टालेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। कुछ ग्रामीणों ने नए कनेक्शन के लिए भी आवेदन किया। जो ग्रामीण ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे थे उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने के तरीकों को स्टेप बाई स्टेप बताया गया। मुख्यमंत्री कृषि संबंध योजना के संबंध में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीण कृषि कनेक्शन लेने की दिशा में भी गहरी दिलचस्पी दिखा रहे थे। इस दौरान राजस्व संग्रहण का भी काम किया गया। घर घर जाकर का उपभोक्ताओं से बकाये बिल की वसूली की गई। शिविर और आउटरीच अभियान के दौरान मुख्य रूप से विद्युत कार्यपालक अभियंता ग्रामीण, सहायक विद्युत अभियंता नौबतपुर, सहायक विद्युत अभियंता पटना ग्रामीण, कनीय विद्युत अभियंता, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक नौबतपुर आदि उपस्थित थे।

# खेती की सेहत सुधारने में लगे हैं : भाजपा नेत्री शोभा पटेल

नई सोच एक्सप्रेस





**फतुहा।** भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी शोभा पटेल ने कहा कि विश्व की ढाई प्रतिशत जमीन पर दुनिया की 17.8 प्रतिशत जनसंख्या का पेट भरना निश्चित रूप से चुनौती पूर्ण कार्य है। अब तक देश के किसान इस चुनौती पर खरे उतरे हैं लेकिन मिट्टी के उर्वरता में ह्रास की दर को देखें तो भविष्य की राह आसान नहीं है। बेजान होती मिट्टी का ही नतीजा है कि बुजुर्ग यह शिकायत करते हैं कि आखिर अनाज इतने बेस्वाद कैसे होते जा रहे हैं। पहले किसान एक साथ कई फसलें बोते थे और एक ही फसल की सैकड़ों मौजूद थी। दरअसल हरी क्रांति के दौर में क्षेत्र विशेष की स्थिति की दशाओं की उपेक्षा कर फसलें ऊपर से थोपी गई है।जैसे दक्षिण भारत में गेहूं और पंजाब में धान की खेती। किसान उन्हीं फसलों की खेती करने लगे हैं जिनका बाजार में अच्छा मूल्य मिलता है। इससे दलहनी, तिलहनी , फसलें अनुर्वर और सीमांत भूमियों पर धकेल दी गई। इस प्रकार फसल चक्र थमा। जिस मिट्टी को उर्वरता, नमी, भुर भुरे पन में कमी आनी शुरू हो गई। इसकी भरपाई के लिए रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बढ़ा और हरी खाद्य, कंपोस्ट आदि भुला दिए गए। रासायनिक करो और कीटनाशकों के प्रयोग से शुरू में तो उत्पादकता बढ़ी लेकिन आगे चलकर उसमें गिरावट आने लगे उदाहरण के लिए 1960 में 1 किलो। रासायनिक खाद डालने पर ऊपर में 25 किलो की बढ़ोतरी होती थी। जो की 1975 में 15 किलो और 2014 में 4 किलो ही रह गई। मीट्टी के महत्व का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है जिस मिट्टी की 2 सेंटीमीटर मोटी परत बनने में 500 साल लग जाते हैं वह महज कुछ ही सेकेंड में नष्ट हो जाती है।अब तक देश कि 9.60 लाख हेक्टर भूमि नष्ट हो चुकी है। हर साल 5 - 3 अरब टन मिट्टी की ऊपरी परत कटाव से नष्ट हो रही है। दशकों की अपेक्षा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मिट्टी के सेहत की सोंच लेते हुए 19 फरवरी 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में स्वस्थ धरा के खेत हरा थीम के साथ मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की। इस योजना के तहत साल में दो बार मिट्टी के नमूने लिए जाते हैं। अर्थात रवि और खरीफ फसल की कटाई के बाद खेत में कोई फसल न लगी हो। मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए मोदी सरकार विविधीकरण पर जोर दे रही है इसके तहत सरकार ने दलहनी तिलहनी फसलों और मोटे अनाजों के समर्थन मूल्य में भरपूर बढ़ोतरी की है।इससे इन उपजों की सरकारी खरीद में अपेक्षित सुधार आया है। इसी खेत को देखते हुए अब सरकार दलहनी तिलहनी और मोटे अनाज हो इस समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद भंडारण विपणन को देश व्यापी नेटवर्क बना रही है। इससे नेटवर्क खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वल्कि अनाजों के केंद्रीकृत भंडारण पर होने वाली होने वाला भारी भरकम खर्च भी घटेगा। विरोधी भले ही पीएम मोदी पर आरोप लगाए लेकिन सच्चाई यह है कि आजादी के बाद वह पहले प्रधानमंत्री हैं इन्होंने बंजर होती जमीन की सुध ली है। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुझाव दिया है की खेती से संबंधित जो भी अधिकारी, संगठन में पदाधिकारी किसान का ही बेटा हो जो किसानों का समस्या और दर्द को समझ सके।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



**संक्षिप्त समाचार**

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सम्मानित की गई सारण की आकांक्षा



**छपरा**।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शुक्रवार को सम्राट अशोक कन्वेशन सेंटर , ज्ञान भवन पटना में भव्य कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी. वी. रमन की याद में किया गया। इस दौरान कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित "सी. वी. रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस 2025" के जिला स्तरीय विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता "बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी" के तत्वावधान में हुई थी। इस प्रतियोगिता में 30 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक भाग लेने वाले छात्रों में से जिला स्तर पर पहले एवं दूसरे स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शहर के सलेमपुर निवासी शिक्षक विजय कुमार एवं शिक्षिका राधा कुमारी की पुत्री एच. आर. इम्पीरियल छपरा के वर्ग सांतवी की छात्रा आकांक्षा कुमारी को सारण जिले में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में आकांक्षा को प्रशस्ति पत्र, मेडल और आकर्षक पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि और विशेषज्ञों ने प्रेरणादायक भाषण देकर उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन को श्रद्धांजलि देना और युवाओं में विज्ञान व तकनीक के प्रति रुचि बढ़ाना है। इस उपलब्धि पर शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह,पीयूष तिवारी,मनीषा कुमारी,नीलू कुमारी,राबिया खातून सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए आकांक्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## साइबर फ्राड के दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**सुगौली**। वाहन जांच के दौरान दो साइबर फ्राड अपराधियो को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ 2 जीतेश पाण्डे नी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन जांच अभियान लगातार चलाई जा रही है। इसी अभियान के तहत सुगौली के बंगरा गांव के समीप आई ट्वटी कार को रोक कर जांच किया गया । तो कार के अंदर एक लाख 63 हजार नगद विभिन्न बैंकों का 9 एटीएम कार्ड एक नेपाली सिम सहित 9 सिम और पांच मोबाइल बरामद किया गया है। कार में सवार पश्चिमी चंपारण के मझौलिया थाना निवासी विशाल पांडेय व अनुभव उपाध्याय दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। तो उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड के लिए कार्य करते हैं । दोनों को पुलिस कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। वहीं मझौलिया थाने में विशाल पांडे के ऊपर मारपीट का एक कांड भी दर्ज है । मौके पर थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, पूजा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## हसनपुर थाना परिसर में भूमि विवाद निपटारे को लेकर CO की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन



**समस्तीपुर/हसनपुर**। जिले के हसनपुर थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारे के लिए शनिवार को जनता दरबार का अयोजन किया गया। जनता दरबार में फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना परिसर पहुंचे थे। उक्त जनता दरबार में आज कुल 7 जमीन विवाद के मामले आए, जिसमें आन द स्पाट 7 मामले का निष्पादन किया गया। वहीं पूर्व से लंबित 5 मामले पर भी सुनवाई करने का प्रयास किया गया ,लेकिन साक्ष के अभाव के कारण उक्त मामले का निपटारा नहीं हो पाया । जिसे अगले शनिवार को पक्ष विपक्ष दोनों को बुलाया गया है। मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी हनी गुप्ता, एएसआई योगेश कुमार एवं राजस्व कर्मचारी अरविंद कुमार , सुनील कुमार सहित दर्जनों फरियादी एवं आमजन मौजूद थे।

## छात्रों को किया गया सम्मानित



**सुगौली**। सुगौली में सिग्मा साइंस क्लासेस द्वारा साइंस मेला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्याओं का समाधान पाओगे अगर विज्ञान की ताकत को जान पाओगे "विज्ञान दिवस के अवसर पर सिगमा साइंस क्लास के संचालक राकेश कुमार कुशवाहा के निगरानी में दर्जनों छात्रों ने साइन मॉडल प्रोजेक्ट को बनाया प्रोजेक्ट मे रॉकेट, ज्वालामुखी, वाटर प्यूरीफिकेशन ,किड़नी,फेफड़ा, मानव ह्रदय , होलोग्राम आदि बहुत से प्रोजेक्ट बनाए गए । जिसमें कक्षा 12th के विद्यार्थी सारुण आलम का प्रोजेक्ट सराहनीय रहा और अन्य वर्ग के छात्र आदित्य यादव, घनश्याम, श्रवण कुमार, सपना कुमारी, अल्पी, काजल, महक, आयुष,हिमांशु प्रियांशु, रिया, सना, सबरीन,तुबा नाज, एकता कुमारी, अनिजा, एशिया,सिमरन आदि बहुत से छात्रों ने भाग लिया।

# फाइलेरिया उन्मूलन : छूटे हुए क्षेत्र और घरों का भ्रमण करेंगी आशा कार्यकर्ता

नई सोच एक्सप्रेस

» शत-प्रतिशत दवा सेवन के लिए चलेगा मॉप-अप राउंड



**छपरा**। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिले में 17 दिनों का सर्वजन दवा सेवन अभियान के बाद मॉप-अप राउंड चलाया जायेगा। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से प्रारंभ हुआ सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान 17 दिवसीय सफल संचालन के बाद पूर्ण हो चुका है। इस दौरान सभी लक्षित जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर दवा सेवन कराया गया। मॉप-अप राउंड को लेकर अपर निदेशक सह प्रभारी राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. यज्ञ नारायण पाठक ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। जिला वेक्टर बोर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे मॉप-अप गतिविधि को प्रभावी ढंग से संपन्न कराएं और इसकी अंतिम रिपोर्ट 15 मार्च 2025 तक राज्य फाइलेरिया कार्यालय को प्रस्तुत करें।

**एक सप्ताह तक चलेगा मॉप-अप राउंड**:कार्यक्रम की सफलता को और सुदृढ़ करने के लिए अब 17 दिवसीय अभियान के उपरांत एक सप्ताह का मॉप-अप राउंड संचालित किया जाएगा, जो 8 मार्च तक चलेगा। इस चरण में उन घरों, क्षेत्रों और व्यक्तियों को कवर किया जाएगा जो किसी कारणवश दवा सेवन से वंचित रह गए थे। विशेष रूप से मास- रिफ्यूजल और छूटे हुए क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित किया जाएगा।

**फाइलेरिया मुक्त समाज के संकल्प को साकार करने में योगदान दें**:जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और सुनिश्चित करेगा कि हर नागरिक को आवश्यक दवा मिले। स्वास्थ्य विभाग ने जनता से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और फाइलेरिया मुक्त समाज के संकल्प को साकार करने में योगदान दें।

**सभी स्वस्थ व्यक्तियों को खानी चाहिए दवा**:जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। यह किसी भी उम्र में हो सकता है। इसके लक्षण 5 से 10 सालों में दिखाई देते हैं। इसलिए इससे बचाव हेतु लोगों को सर्वजन दवाओं का सेवन कराया जाता है। सभी स्वस्थ व्यक्ति को इस दवा का सेवन करना चाहिए। खाली पेट दवा नहीं खानी है। दवा खाने से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव के बारे में उन्होंने बताया कि दवा खाने से शरीर के अंदर मरते हुए परजीवी की वजह से कभी-कभी किसी व्यक्ति को सिर दर्द, बुखार, उल्टी, बदन पर चकते एवं खुजली हो सकते हैं। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यह स्वतः ठीक हो जाता है। फिर भी ज्यादा दिक्कत होने पर ऐसे लोगों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा जाता है।

**लेट्स इंस्पायर बिहार**
**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## ग्रामीण बिहार में बढ़ते नशे की लत चिंतन का विषय

नई सोच एक्सप्रेस



**आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और वयस्कों के बीच तंबाकू, गुटखा अन्य नशे और सोशल मीडिया की लत बढ़ रही है। यह गम्भीर चिंतन का विषय है इसके लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यबल को सहारा मिल सकता है। और, युवाओं को आर्थिक मजबूत करने के साथ भटकने पर भी लगाम लगेगा।**

**[ तंबाकू, गुटखा और शराब के उपभोग को कम करने के लिये कठोर विनियमन और जागरूकता अभियानों की आवश्यकता है। समग्र सामुदायिक हस्तक्षेप स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दे सकते हैं और मादक द्रव्यों पर निर्भरता पर अंकुश लगा सकते हैं। इसके लिए लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान अपने सामाजिक दायित्वों को अच्छे से निभा सकता है। ]** बिहार के कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता सुविधाएँ और स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएँ अपर्याप्त हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता सुविधाएँ और स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएँ अपर्याप्त हैं। भारत विरोधाभासों का देश है, जहाँ तीव्र आर्थिक विकास के साथ ही सतत् गरीबी और सामाजिक समस्याओं का सह-अस्तित्व पाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र, जहाँ देश की लगभग दो-तिहाई आबादी निवास करती है, जीवन स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के मामले में महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों से गुज़र रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच तथा ग्रामीण क्षेत्रों के भीतर आय असमानता की स्थिति समतामूलक विकास में बाधा उत्पन्न करती है। प्राथमिक आजीविका स्रोत के रूप में कृषि पर निर्भरता ग्रामीण समुदायों को अप्रत्याशित मौसम पैटर्न, बाज़ार के उतार-चढ़ाव और फसल विफलताओं से उत्पन्न जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनाती है। विखंडित भूमि जोत, अपर्याप्त सिंचाई सुविधा और पुरानी पड़ चुकी कृषि पद्धतियाँ उत्पादकता एवं आय सृजन में बाधा उत्पन्न करती हैं। अपर्याप्त गैर-कृषि रोज़गार अवसरों के कारण कृषि क्षेत्र में मौसमी बेरोज़गारी और अल्प-रोज़गार की स्थिति उत्पन्न होती है। कौशल विकास और बाज़ार-उन्मुख व्यावसायिक प्रशिक्षण की कमी विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण कार्यबल की भागीदारी को सीमित करती है। ग्रामीण क्षेत्र सूखा, बाढ़, ग्रीष्म लहर और चरम मौसमी घटनाओं जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की चपेट में आते हैं। ये जल, मृदा और वनों जैसे प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं तथा ग्रामीण समुदायों, विशेषकर किसानों एवं चरवाहों की आजीविका पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायः उचित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों एवं सुविधाओं- जैसे स्रोत पर पृथक्करण और जैविक/अजैविक अपशिष्ट के लिये क्रमशः कम्पोस्टिंग/बायोगैस संयंत्र/रीसाइक्लिंग इकाइयों आदि का अभाव पाया जाता है। इससे पर्यावरण प्रदूषण, स्वास्थ्य संबंधी खतरे, सौंदर्य संबंधी गिरावट और संसाधनों की हानि की स्थिति बन सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों को अभी भी स्वच्छता सुविधाओं और स्वच्छता अभ्यासों तक सार्वभौमिक पहुँच प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कौशल विकास कार्यक्रमों, सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने, ग्रामीण अवसंरचना के विकास आदि के माध्यम से गाँवों के निकट रोज़गार के अधिक अवसर सृजित किये जाने चाहिये। इससे प्रवासन की विवशता कम हो सकती है, ग्रामीण लोगों की आय एवं आजीविका सुरक्षा बढ़ सकती है और उनकी आत्मनिर्भरता एवं गरिमा की संवृद्धि सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐसी नीतियों का निर्माण किया जा सकता है जो विशेष रूप से व्यसन, डिजिटल निर्भरता और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी ग्रामीण चुनौतियों को लक्षित करें।

## लालू यादव ने राजद नेताओं को दिया 2025 में जीत का मंत्र

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव शनिवार को एकमा विधायक श्रीकांत यादव के घर पहुंचे। जहां राजद नेताओ ने लालू प्रसाद यादव का भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में एकमा विधायक श्रीकांत यादव के अलावा परसा विधायक छोटेलाल राय, माँझी के विधायक सत्येंद्र यादव और राजद नेता शक्ति यादव भी शामिल रहे। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने मीडिया से दूरी बनाए रखा है। वही समर्थक लालू यादव की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखें। राजद कार्यकर्ताओं और नेताओं से बातचीत करते हुए सारण की धरती पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की। साथ ही इस मौके पर लालू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में शक्ति के साथ लग जाय तब बिहार का विकास होगा। तेजस्वी बिहार का विकास करेंगे, बहुत दिन के बाद आपके बीच मे आया हूं। इस देश को बचाने के लिए पार्टी को मजबूत करे और सारण के दस में दस सीट राजद के पक्ष मे जीत कराने की बात कही।

## शिव विवाह संपन्न होने के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल**। महाशिवरात्रि संपन्न होने के बाद न्यू कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में शिव पार्वती विवाह को लेकर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर भंडारे का प्रसाद वितरण कर भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने कहा कि मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि खगौल के न्यू कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि शांति पूर्वक संपन्न होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया और मुझे निमंत्रण दिया गया। भंडारे के प्रसाद वितरण में भारी संख्या में पुरुष और महिला श्रध्दालु शामिल हुए। जिसमें पूरी, बुंदिया, खीर, सब्जी आदि का वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर शिव मंदिर के पंडित और आयोजन कर्ता ने बताया कि हर साल महाशिवरात्रि संपन्न होने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाता है और आगे भी होता रहेगा। इस मौके पर भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव,भाजपा नेता अनिल कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, ऋषि कुमार, चिंटू कुमार, बंटी कुमार, आशुतोष कुमार, अम्बर, सोनू, अशोक वर्मा, तरुण वर्मा, अभिषेक कुमार सहित अनेक भक्तजन मौजूद थे।

# बरारी के जदयू विधायक विजय सिंह निषाद ने किया रंग मंच और सड़क का शिलान्यास





नई सोच एक्सप्रेस

» एनडीए सरकार के नेतृत्व में प्रदेश और देश का होगा चकाचक विकास : विजय सिंह निषाद

**कटिहार**।कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अन्तर्गत सजापुर पंचायत के वार्ड संख्या 14 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से भगवती मंदिर के प्रांगण में निर्माण कराये जा रहे हैं। दस लाख रुपये की लागत राशि से कृष्णा नाट्य कला परिषद रंग मंच का जिर्णोद्वार कार्य और जनहित में 15 लाख रुपए की लागत राशि से पीडब्लूडी सड़क से लेकर काली स्थान तक पीसीसी ढ़लाई सड़क का निर्माण कार्य का शिलान्यास बरारी विधान सभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक जदयू के विजय सिंह निषाद ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर और फिता काटकर शिलान्यास किया गया। विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा है कि गांव गांव में शादी विवाह के लिए विवाह भवन का निर्माण कराया जायेगा। उन्होने कहा कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में देश और प्रदेश का सम्पूर्ण विकास होगा।उन्होंने कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा किया है कि सभी गरीबों का प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाया जायेगा।उन्होंने कहा कि स सभी ग्रामीण सड़को का चौड़ीकरण कराया जायेगा। विधायक श्री निषाद ने कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन काल में विकास का गंगा बहाया गया है। उन्होंने कहा कि जनहित में जितना विकास का काम नीतीश कुमार के शासन काल में हुआ है। उतना विकास का कार्य किसी मुख्य मंत्री के शासन काल में नही हुआ था।उन्होंने कहा कि बरारी विधान सभा क्षेत्र में बचे हुए है सभी जर्जर सड़कों को विधान सभा चुनाव से पहले निर्माण करा दिया जायेगा। इस अवसर पर जिला परिषद प्रियंका देवी, एमएलसी प्रतिनिधि राजीव कुमार भारती, एमएलए प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष राजीव चौधरी, पंचायत के मुखिया मो०मिकाईल, सरपंच सत्येंद्र कुमार पंडित, वार्ड सदस्य पुनम देवी, पूर्व मुखिया देवनाथ चौधरी उर्फ भोला, हरिश मंडल,संतोष मिश्रा, मनोरंजन पाल, सुधिर मंडल, शंभू मंडल, आनंदी महलदार, वार्ड पार्षद आशिकी मंडल, अरविन्द मंडल महंथ सिंह , डा० पंकज यादव, सुमित कुमार यादव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयों से किया बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज**। जिलाधिकारी किशनगंज के निदेश पर प्रखंड ठाकुरगंज के सभागार में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव को सुनिश्चित करने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ठाकुरगंज की अध्यक्षता में एक उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक आहुत की गई। इस बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीसी एम, बी एच एम, सभी ए एन एम, सभी आशा फैसिलिटेटर एवं महिला पर्यवेक्षक उपस्थित थे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत खारुदह,बरचौन्दी, दुधौंटी,तातपौवा,कनकपुर आदि पंचायतों में माह जनवरी 2025 में गृह प्रसव की संख्या अन्य पंचायत के मुकाबले ज़यादह है। बी डी ओ ने बताया कि माह मार्च में होने वाले प्रसव को पूरी तरह से गृह प्रसव मुक्त रखने का लक्ष्य रखा गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने इस बैठक में 04 मार्च 2025 को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस एवं 07 मार्च 2025 को मॉप-अप दिवस आयोजित करने हेतु निदेशित किया गया।

# आधुनिक बिहार के शिल्पकार है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार:- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ**। राजगीर में न्याय के साथ विकास और सुशासन के पुरोधा समाजवाद के ध्वजवाहक देश के लोकप्रिय एवं जनप्रिय नेता जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री विकास पुरुष नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर राजगीर प्रखंड के ग्राम विच्छा कोल में पौधारोपण कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य की भूमिका में हैं बिहार के लोगों की खिदमत में सदैव तत्पर है आप आपकी ऊर्जा और आपका समर्पण बिहार को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। जब से जनता ने उन्हे अपना आशीर्वाद दिया तब से लेकर आज तक वे बिहार के लोगो की सेवा करते है।वे हमेशा कहा करते हैं राजनीति में जनता सेवा करने के लिए आशीर्वाद देती है नेता को हमेशा यह हमेशा याद रखकर लोगों की सेवा करने में विश्वास करना चाहिए।ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना हम सभी करते हैं ईश्वर उन्हें इतनी शक्ति प्रदान करें वे लगातार बिहार के लोगों के खिदमत का काम जारी रखें बिहार में आपसी प्रेम शांति मिल्लत भाईचारे सद्भाव का माहौल कायम रखें।उनके नेतृत्व में आज गांव स्मार्ट बना है बिहार की धरती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी डा अम्बेडकर लौह पुरुष सरदार पटेल लोकनायक जयप्रकाश नारायण डा लोहिया जननायक के सपनों को साकार कर रहे हैं।नीतीश निश्चिय मतलब न्याय के विकास और सुशासन की गारंटी विकसित उन्नत खुशहाल बिहार की एक पहचान श्री नीतीश कुमार।

# हसनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति का बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर/हसनपुर**। जिले के आकांक्षी प्रखंड हसनपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के प्रकोष्ठ में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार के अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति का बैठक आयोजित किया गया । उक्त बैठक में प्रखंड स्तरीय सभी विभागीय पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे। आज के बैठक में 17 मार्च से 29 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा है उक्त परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया जाएगा। परिवार नियोजन सेवा जागरूकता हेतु प्रखंड में सभी विभागों द्वारा मिलकर रैली का आयोजन, जीविका एमआरपी, सीएनआरपी का उन्मुखीकरण, सभी विद्यालय प्रधान शिक्षकों का प्रशिक्षण, सभी आंगनबाड़ी सेविका, आशा, एएनएम का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण, सारथी रथ द्वारा सभी गांव में माइकिंग से प्रचार प्रसार, समुदाय में ग्राम चौपाल का आयोजन एवं सास- बहू - बेटी सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिस हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इसके सफल आयोजन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी विभाग को मिलकर कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए एवं अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करते हुए सत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु कहा गया। इसके साथ ही दिनांक 4 मार्च एवं 7 मार्च राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु चर्चा किया गया। इसके साथ ही टीबी जांच कैंप एवं जन जागरूकता, परिवार नियोजन पखवाड़ा दिनांक 10 मार्च से 29 मार्च, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम दिनांक 4 मार्च एवं 7 मार्च माप अप के सफल आयोजन हेतु चर्चा किया गया एवं सभी जनप्रतिनिधियों से सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग देने हेतु चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में BDO मनोज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार ,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक चंदन कुमार सिंह, बी सी एम,महिला पर्यवेक्षिका,प्रखंड मूल्यांकन सहायक, एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

## जेएसडब्लू एमजी मोटर ने पेश किया पावर पैक ऑफर



**पटना।** जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने हेक्टर खरीदने वाले संभावित ग्राहकों के लिए "पावर पैक" स्कीम की घोषणा की है। पावर पैक एक बेहद किफायती पेशकश है, जिसके तहत ग्राहकों को पांच आकर्षक लाभ पेश किए गए हैं। इन लाभों में पहला है फाइनेंसिंग (आरओआई) पर आकर्षक 4.99 प्रतिशत की ब्याज दर। इसके अलावा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, वाहन को अपने मन मुताबिक स्वरूप देने के लिए कॉम्प्लीमेंट्री एक्सेसरीज, झंझट रहित सफर के लिए रोड साइड असिस्टेंस के साथ ही रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की कमी शामिल है। इन सभी लाभों के साथ ग्राहक को हेक्टर खरीदने पर 2.40 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। इन लाभों के साथ एसयूवी के शौकीनों के लिए हेक्टर और भी अधिक किफायती और आकर्षक विकल्प बन जाता है। ये सीमित समय के ऑफर 31 मार्च, 2025 तक वैध हैं। इन ऑफर के साथ हेक्टर एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति और भी मजबूत बना रही है। यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है, जो सेडान या छोटे आकार की एसयूवी को छोड़कर भारत की पहली इंटरनेट कार और लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी एमजी हेक्टर में अपग्रेड करना चाहते हैं। एमजी का यह ऑफर एसयूवी सेगमेंट में सही कीमत के साथ रिसेल मार्केट में हेक्टर की स्थिति को और मजबूती प्रदान करता है। डुम द्वारा हाल ही में किए गए विश्लेषण के साथ ही कई स्वतंत्र अध्ययनों ने हेक्टर एसयूवी को बेमिसाल रिसेल वैल्यू वाली कार माना है।

### महाकुंभ में जीसीपीएल की अनूठी पहल

**पटना।** 125 वर्षों से देश में गुड एंड ग्रीन पहल के तहत समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों में जुटी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने आईबैंक्स फाउंडेशन के साथ मिलकर महाकुंभ मेले में अनदेखा आई टेस्ट की शुरुआत की। जीसीपीएल के इन-हाउस क्रिएटिव स्टूडियो- गोदरेज क्रिएटिव लैब द्वारा संकल्पित इस अनूठे नेत्र परीक्षण अभियान में नागा साधुओं की पीठ पर हिंदी के बड़े अक्षर लिखे गए, जिससे वे चलते-फिरते आई चार्ट बन गए और दृष्टि संबंधी जागरूकता के शक्तिशाली राजदूत बन गए। यह पहल प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में त्रिवेणी संगम स्थल पर आयोजित की गई, जिससे लाखों श्रद्धालुओं को निशुल्क नेत्र परीक्षण और मधुमेह जांच की सुविधा मिली। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के एमडी और सीईओ सुधीर सीतापति ने कहा, कुंभ हर बड़े ब्रांड और बड़े खर्चों का मेला है। कम बजट में लोगों का ध्यान आकर्षित करना एक चुनौती थी। लेकिन उस चुनौती में, टीम को नागा साधुओं के साथ साझेदारी करने का अवसर मिला। इसी दौरान नागा साधुओं ने सामाजिक कारणों का समर्थन करने की भावना जताई। गोदरेज क्रिएटिव लैब की ग्लोबल हेड, स्वाति भट्टाचार्य ने कहा नागा साधु हर 12 साल में ही सार्वजनिक रूप से दिखाई देते हैं। वे पूजनीय हैं, लोग उन्हें टकटकी लगाकर देखते हैं। हमने सोचा दृ क्यों न इस नजर को ही नेत्र परीक्षण में बदल दिया जाए? इस पहल के माध्यम से नागा साधु आध्यात्मिक प्रभावक बन गए, और ऐसा दुनिया के किसी भी ब्रांड ने पहले कभी नहीं किया। आईबैंक्स फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. निशांत कुमार ने कहा रोकथाम योग्य अंधत्व की समस्या मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। डायबिटीज से होने वाला अंधत्व रोका जा सकता है, लेकिन लाखों लोग इस खतरे से अनजान रहते हैं। महाकुंभ में इस संदेश को सांस्कृतिक रूप से प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करके हमने जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। नागा साधु बने दृष्टि परीक्षण के दूत - गोदरेज क्रिएटिव लैब की इस अभिनव पहल के तहत नागा साधुओं की पीठ पर देवनागरी लिपि में बड़े अक्षर लिखे गए, जिससे वे नेत्र परीक्षण चार्ट में बदल गए। श्रद्धालुओं को ये अक्षर पढ़ने के लिए कहा गया, जिससे उनका आई टेस्ट हो गया। इसके अलावा, इस अभियान के अंतर्गत 50,000 से अधिक मुफ्त चश्मे पुलिसकर्मियों और श्रद्धालुओं को वितरित किए गए। नागा साधुओं के लिए, यह सिर्फ एक चिकित्सा पहल नहीं थी, बल्कि उनके लिए यह एक आध्यात्मिक कर्तव्य था। इस पहल को सफल बनाने के लिए 100 से अधिक विशेषज्ञों की टीम ने काम किया और अब तक 40,000 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की जा चुकी है।

## बेटे ने पिता के सिर पर ईट से किया हमला, मौके पर ही चली गई जान

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्ता



**मोतिहारी/पकड़ीदयाल।।** रिश्तों की मर्यादा तार-तार करने वाला एक और मामला मोतिहारी में सामने आया है, जहां बेटे ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मझार गांव में घरेलू विवाद के दौरान बेटे ने अपने पिता के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह हत्या घरेलू विवाद का नतीजा लग रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

## अरविंद लिमिटेड ने अपने नए समर कैंपेन की घोषणा की

Arvind
FASHIONING POSSIBILITIES

**पटना।** वैश्विक और घरेलू ग्राहकों के लिए टेक्सटाइल क्षेत्र में फाइबर-टू-फैशन समाधान प्रदान करने वाली कंपनी अरविंद लिमिटेड ने अपने नए समर कैंपेन लिनेन बाय अरविन्द, फॉर आल काईंडस ऑफ़ कूल की घोषणा की है। यह केंपेन गर्मियों के मौसम में लिनेन फैब्रिक की स्टाइल और कमफर्टेबल विशेषताओं को दोबारा परिभाषित करने के लिए पेश किया गया है। खासकर उन कस्टमर्स के लिए जो गर्मी के मौसम में लिनन को प्राथमिकता देते हैं। इस कैंपेन के साथ ही अरविंद लिमिटेड ने 300 से अधिक नए स्टाइल्स के साथ अपनी लिनन रेंज का विस्तार किया है। इस नए कलेक्शन में इंटेल्लि-फैब्रिक टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिसमें रिंगकल-रजिसटेंट लिनन, ब्रिदेबल ब्लेंड्स और ऊन लिनन जैसे अद्वितीय फीचर्स शामिल हैं, जो आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। इस नए कलेक्शन में सूटिंग रेंज में भी विस्तार किया गया है, जो ऑफिशियल और विशेष अवसरों के लिए स्टाइलिश और आरामदायक लिनन विकल्प प्रदान करता है। यह नया कलेक्शन देशभर में 160 प्लस द अरविन्द स्टोर और प्रमुख मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर उपलब्ध है। अरविंद लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर प्रणव दवे ने कहा, "लिनन हमेशा से गर्मियों के पर्याय के रूप में देखा जाता है, लेकिन इस कलेक्शन के साथ हम इसे केवल एक समर फैब्रिक के रूप में नहीं, बल्कि हर मौसम के लिए उपयुक्त कपड़े के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

# श्री गुरु तेग बहादुर खालसा मे एन सी. सी का वार्षिक महोत्सव फतह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की एन.सी.सी.इकाई ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक एनसीसी महोत्सव फतह को भव्यता और उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन अनुशासन, कौशल और टीमवर्क का अद्भुत प्रदर्शन था, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के कैडेट्स ने भाग लिया।इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए *लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ* मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और अपने प्रेरणादायक संबोधन से कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व तथा दृढ़ संकल्प की भूमिका पर बल दिया । इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ड्रिल, खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और वाद-विवाद शामिल थे । इन प्रतियोगिताओं में कैडेट्स की असाधारण प्रतिभा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन हुआ । ड्रिल प्रतियोगिता में शानदार समन्वय और अनुशासन देखा गया, वहीं वॉलीबॉल और रस्साकशी जैसे खेलों ने प्रतिभागियों की सहनशक्ति और टीम वर्क की परीक्षा ली। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव में रंग भरा, जिसमें एकल गायन, एकल और समूह नृत्य, और कविता पाठ शामिल थे। वाद-विवाद प्रतियोगिता ने कैडेट्स को बौद्धिक चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, जिससे उनकी आलोचनात्मक सोच और प्रभावी संचार कौशल को बढ़ावा मिला।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह के नेतृत्व में किया गया । आयोजन की अध्यक्षता *केयरटेकर अधिकारी डॉ. प्रकाश सिंह* और *केयरटेकर अधिकारी डॉ. गुरजीत कौर* ने की । यह वार्षिक एनसीसी महोत्सव न केवल कैडेट्स की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि इसमें दोस्ती, अनुशासन और नेतृत्व को भी बढ़ावा दिया गया—जो कि एनसीसी अनुभव के मूल तत्व हैं। फतह की सफलता ने खालसा एन.सी.सी.कंपनी की समग्र विकास और उत्कृष्ट प्रशिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

# नया टोला डहेरिया में कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** जिले के नया टोला डहेरिया में प्रगतिशील किसान प्रभुनाथ सिंह के फार्म पर दिनांक 01 मार्च 2025 को एक विशेष कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला कृषि पदाधिकारी तथा उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कटिहार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न बागवानी फसलों की उन्नत खेती पर जानकारी दी गई, जो अन्य किसानों के लिए अनुकरणीय सिद्ध होगी। प्रभुनाथ सिंह अपने फार्म में ड्रैगन फ्रूट, ताइवानी किस्म के अमरूद, कटहल, सपाटू, लीची, सुपारी और काली मिर्च की उन्नत खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही वे बड़े पैमाने पर ओएस्टर मशरूम का उत्पादन भी कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण से सभी कृषि प्रशिक्षु अधिकारियों को आधुनिक और व्यावसायिक खेती के गुर सीखने का अवसर मिला। प्रशिक्षण के उपरांत ये प्रशिक्षु अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों के बीच इस ज्ञान का प्रसार करेंगे।जिससे उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने में सहायता मिलेगी।

# रमजान का पवित्र महीना आते ही लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट

नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज।** ठाकुरगंज शनिवार से रमजान का पहला रोजा शुरू हो गया है। रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना रहमतों व बरकतों वाला महिना है। इस मुबारक* महीना में नफल नमाज का सवाब फर्ज नमाजों के बराबर है और एक फर्ज नमाज का सवाब 70 फर्ज नमाजों के बराबर होते हैं। उक्त बातें हाफिज एजाज़ अहमद ने कहीं। उन्होंने कहा कि अल्लाह तबारक व ताअला ने रोजा हर मुसलमान मर्द औरत आकील व बालिग पर फर्ज किया है। रमजान के पवित्र महीना को तीन अशरा (हिस्सा) में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत का, दुसरा मगफिरत

**» रमजान उल मुबारक का पवित्र महीना रहमतों व बरकतों वाला महिना है हाफिज एजाज़ अहमद**

का और तिसरा जहन्नुम से आजादी का है। अल्लाह तबारक व ताला फरमता है कि जब मेरा रोजेदार बन्दाह रमजानुल मुबारक के पवित्र महीना में रोजा रखता है और शाम को इफ्तार करता है तो मैं खुद उसे इसका सिला देता हूं। सिला यह है कि वह मुझे पा लेता है और वह मेरा हो जाता है। रमजान का महीना बहुत सारी चीजों को लेकर आता है। इस मुबारक महीना में अल्लाह के राह पर जो व्यक्ति एक रुपया खर्च करेगा उसे 70 रूपये खर्च



करने के बराबर सवाब मिलेगा। इस मुकद्दस महिना के बारे में अल्लाह तबारक व ताला फरमाता हैं कि रोजा मेरे लिए है इस का जजा (बदला) मैं खुद हूं। हमारे प्यारे आका हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहिस्सलाम का फरमान है कि रमजान मेरे उम्मतों का महीना है। इस लिए अल्लाह तबारक व ताला मेरी उम्मत की अमल का बदला 70 गुणा बढ़ा देते हैं। इस लिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह रमजानुल मुबारक के पाक महीने का रोजा रखे, और इबादत करे ।जन्नत में एक दरवाजा है,जिसका नाम रैयान है। इस में सिर्फ और सिर्फ रोजेदार ही दाखिल होंगे। इस लिए हर मुसलमान को माहे रमजान का एहतराम करना चाहिए। पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लाल्लाहु अलैहे व सल्लम ने फरमाया है कि जब रमजान का महीना आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है और जहन्नुम के दरवाजे को बंद कर दिए जाते है। शयतान को जकड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रमजानुल मुबारक के महीने में कुरान ए पाक नाजिल किया गया इसी वजह से रमजानुल मुबारक के महीने को रब ताला कि बंदगी के लिए तरबियत का महीना करार दिया गया है। नफ्स खाने-पीने और जिन्सी ख्वाहिशात को उकसाता है तो एक मोमिन अपने नफ्स की ख्वाहिशात को पूरा करने के बजाय अल्लाह तबारक ताअला के हुक्म कि तामील करता है। वही सहरी के बाद से लेकर सूर्यास्त तक अपनी ख्वाहिशात को रोकता है और सूर्यास्त से सहरी तक उन जायज ख्वाहिशात को पुरा करता है। पूरा महीना ऐसा करके वह अपने नफ्स को अल्लाह तबारक व ताअला की हुक्म की पैरवी के लिए तैयार करता है।

**रमजान का पवित्र महीना आते ही लोगों के चेहरे खिले-** रमजान - शरीफ का चांद नजर आने के बाद से रविवार से रोजे शुरू हो जाएंगे। रविवार से शुरू होने वाले रोजा इफ्तारी व सहरी का इंतजाम करने के लिए मुस्लिम समुदायक के लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूरे महीने मुस्लिम समुदायक के लोग रोजा रखते हैं पांच वक्त नमाज के साथ साथ रात मे इशां की नमाज के बाद तराबी की नमाज अदा की जाती है जिससे मस्जिदों मे रमजान के महीने में खुब रोनक रहता है। और नमाजियो की संख्या बढ़ जाती है। और मुस्लिम बहुल इलाकों में आमतौर पर देर रात तक चहल-पहल रहती है।

# इलेक्रामा 2025 भारत के ऊर्जा भविष्य को मिली नई दिशा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में अपनी यात्रा तेज कर रहा है और आत्मनिर्भर भारत के तहत एक वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, वैसे-वैसे बिजली क्षेत्र की भूमिका आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। इस बदलते परिदृश्य में, आईईईएमए ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिकल शो इलेक्रामा 2025 की भव्य शुरुआत की। इलेक्रामा के 16वें संस्करण में भारत की विद्युत और ऊर्जा तकनीकों में क्षमता प्रदर्शित की गई है, जिससे इसकी भूमिका एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में और मजबूत होती है। भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स श्री मनोहर लाल खट्टर ने इस भव्य उद्घाटन की शोभा बढ़ाई और उन्होंने भारत के ऊर्जा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ श्री ओलिवर ब्लूम; सीमेंस स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के सीईओ श्री मथियस रेबेलियस; आईईईएमए के प्रेसिडेंट श्री सुनील सिंघवी; इलेक्रामा 2025 के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन श्री विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन श्री सिद्धार्थ भूतोरिया जैसे उद्योग जगत के दूरदर्शी लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने इलेक्ट्रिकल और बिजली क्षेत्र के भविष्य पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, भारत के माननीय मिनिस्टर ऑफ पावर एंड हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स श्री मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा, ग्रिड आधुनिकीकरण और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो राष्ट्र के विकसित भारत 2047 के लॉन्ग टर्म विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा बिजली क्षेत्र से मिल रहे समर्थन के दम पर भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार, ग्रिड आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने और ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत 200 गीगावाट से ज्यादा रिन्युएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने और 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य के साथ, स्थायी ऊर्जा को अपनाने में खासी प्रगति कर रहा है। ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर और व्हीकल-टू-ग्रिड तकनीक के विस्तार से ई-मोबिलिटी की ओर बदलाव में और तेजी आएगी। 2030 तक, भारत का लक्ष्य 800 गीगावाट उत्पादन क्षमता हासिल करना है, जिसमें 50 % हिस्सेदारी रिन्युएबल एनर्जी की होगी। इससे वैश्विक स्तर पर क्लीन एनर्जी लीडर के रूप में भारत की भूमिका को मजबूती मिलेगी। मैं इलेक्रामा 2025 के आयोजन के लिए आईईईएमए की सराहना करता हूं, जो डिजिटल परिवर्तन और स्थिरता को प्रोत्साहन देने के लिए इंडस्ट्री लीडर्स, इनोवेटर्स और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने वाला एक प्रमुख मंच है। इससे ऊर्जा नवाचार और आर्थिक विकास के केंद्र के रूप में भी भारत की स्थिति मजबूत होगी।" अपने 16वें संस्करण के आगाज के साथ इलेक्रामा 2025 एनर्जी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ऑटोमेशन और एआई आधारित पावर सिस्टम्स से जुड़े आधुनिक नवाचार प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में खासा प्रभावित करने वाली बी2बी बैठकें, थॉट लीडरशिप सेशन और पॉलिसी डायलॉग भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे वैश्विक और भारतीय हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

# ICAI बिलासपुर में नई कार्यकारिणी समिति का गठन, सीए मनीष सखूजा बने अध्यक्ष



नई सोच एक्सप्रेस

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** आईसीएआई की बिलासपुर शाखा द्वारा होटल ईस्ट पार्क में वार्षिक उत्सव मनाया साथ ही साथ नई प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीए मनीष सखूजा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया । सीए मंगलेश पांडे उपाध्यक्ष बने । सीए उदय चौरसिया को सचिव, सीए प्रखर बंसल को कोषाध्यक्ष, सीए मिली डे को सिकासा अध्यक्ष चुना गया, सीए अविनाश टुटेजा को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। इन पदाधिकारियों ने शपथ ली । हाल में ही सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ़ द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इण्डिया की ओर से अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया था । बिलासपुर ब्रांच को हाइली रिकमेंडेड ब्रांच ऑफ सीआईआरसी का अवॉर्ड दिया गया। इस अवार्ड को बिलासपुर के सभी मेंबर्स के सामने दिखाया गया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बिलासपुर सीए शाखा के सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सीनियर मेंबर्स आदि मौजूद रहे 1

# काइनेटिक ग्रीन ने चल मेरी लूना की मशहूर टैगलाइन के साथ ई-लूना का नया टीवी विज्ञापन लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की अग्रणी कंपनी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने ई-लूना के लिए नया टीवी कैंपेन लॉन्च किया है। इस टीवी कमर्शल में मशहूर और सदाबहार चल मेरी लूना की टैगलाइन को नए अंदाज में पेश किया है। इस कैंपेन में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को लेकर एक नए नजरिया पेश किया गया है। इसके साथ ही यह नए-नए फीचर्स और व्यक्तिगत परिवहन के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ मिस सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस अवसर पर कहा, यह ऐड कैंपेन लूना की शानदार विरासत का जश्न है और ई-लूना को भविष्य के पर्सनल ट्रांसपोर्ट के रूप में पेश करती है। ई-लूना सिर्फ एक इलेक्ट्रिक टू व्हीलर नहीं है, बल्कि यह तरक्की, मजबूती और नवाचार का प्रतीक है। इसे आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें दक्षता, मजबूती और किफायतीपन को मिलाकर एक परफेक्ट विकल्प के रूप में पेश किया है। यह शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के लिए परफेक्ट है। ई-लूना पूरी तरह से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है, इस ऐड कैंपेन में ई-लूना की कुछ खास विशेषताओं को पेश गया है। एक बार चार्ज करने पर ई-लूना में लंबी दूरी तय करने की क्षमता है। रोज़मर्रा के सफर के लिए इसे तरह-तरह से उपयोग करने और भारी सामान ले जाने की इसकी मजबूत क्षमता को इस विज्ञापन में दिखाया गया है। ई-लूना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि एक बार चार्ज करने के बाद इसे लंबी दूरी तक चलाया जा सकता है। इसमें 2.3 किलोवॉट क्षमता वाली बैटरी है, जो एक बार चार्ज कने पर 110 किलोमीटर की रेंज देती है। ई-लूना में 2.2 किलोवॉट पीक पावर की बीएलडीसी मिड-माउंट मोटर लगी है। यह 50 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देती है। यह शहरों और कस्बों की भीड़भाड़ में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए परफेक्ट सवारी है। इसकी बैटरी, मोटर और कंट्रोलर आईपी-67 रेटेड हैं। यह पानी और धूल से सुरक्षित रहती है और भारत में हर तरह के रास्तों और तरह-तरह के मौसम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देती है। ई-लूना में मजबूत ड्यूल-ट्यूबुलर, हाई-स्ट्रेंथ स्टील चेसिस दिया गया है जोकि गाड़ी को टिकाऊ और स्थिर बनाता है। इसका लुक प्रीमियम बाइक्स जैसा मॉडर्न है। ई-लूना मल्टीफंक्शनल डिजाइन के साथ आती है। यह 150 किलो तक वजन उठा सकती है। ई-लूना को रोजाना ऑफिस या बाजार जाने और व्यापारिक उद्देश्यों, जैसे ऑनलाइन ऑर्डर किए गए सामान की डिलीवरी या छोटे-मोटे कारोबार के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड में सुरक्षित शनिवार मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस

**खगड़िया।**खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौ ढ भरतखण्ड में आगलगी के खतरे और उससे बचाव के संदर्भ में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उदघाटन प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने किया।प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान ने बताया कि आगलगी के कारण प्रतिवर्ष काफी जान मॉल की क्षति होती है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि आग हमारी जिंदगी के बहुत उपयोगी है, लेकिन अगर इसे सावधानी से उपयोग में ना लाया जाए, तो यह विनाशकारी भी हो सकती है। आग से बचाव के बारे में जागरूकता बहुत जरूरी है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं, शांत रहें। जोर जोर से आग आग चिल्लाएं। अगर आग छोटी हो, तो उसे तुरंत पानी, रेत या अग्निशामक यंत्र से बुझाने की कोशिश करें। अगर गैस सिलेंडर में आग लग जाए तो उसे पानी से न बुझाएं बल्कि गिला डालकर बुझाने



की कोशिश करें। अगर कपड़ों में आग लग जाएं तो दौड़ें नहीं बल्कि जमीन पर लेट जाएं। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि विधि रुकों, लेटो, लुढ़कों नीति अपनाएं। यदि बहुत अधिक धुआं हो तो नीचे झुककर रेंगते हुए बाहर निकलें।101 नंबर या 112 नंबर पर फायर ब्रिगेड को तुरंत कॉल करें। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने आग बुझाने के भी टिप्स दिए। घर के करीब झाड़ियों को काट दें। ज्वलनशील वस्तुओं को दीवारों और कोनों से दूर रखें। कभी भी किसी वस्तु को खुली लौ पर न रखें। कभी भी लैंप को मेज आदि के ऊपर न रखें। अपने बच्चों और पालतू जानवरों को रसोई के स्टोव स्पेस हीटर आदि से दूर रखें। मौके पर प्रधानाचार्य संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, निरंजन कुमार, रामविनोद साह, रामलाल पंडित, वंदना कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, सफकत आफरीन, उत्कर्ष कुमार, सार्थक राज, प्रीतम, प्रियांशु, आयुष, राजनंदनी, अंकित, सोनम, आदित्य, अनुष्का, शिवानी, अंजली सैकड़ों छात्र और छात्राएं मौजूद थे।

## जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर

**धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वास्थ्य प्रशासनिक एजेंसियों का कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। प्रयागराज में गंगा जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर है। इसमें मुख्य मुद्दा पर्यावरण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने वाली भारत की सर्व-प्रमुख एजेंसी की केंद्रीय और उत्तर प्रदेश इकाई के बीच मतभेद का है। प्रश्न है कि ये एजेंसियां सभी स्तरों पर स्वायत्त ढंग से काम करती हैं, या ये सत्ताधारी दलों के सियासी एजेंडे से प्रभावित भी हो जाती हैं? स्वागतयोग्य है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इसे गंभीरता से लिया है और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) से जवाब तलब किया है। पूछा है कि क्या यूपीपीसीबी की गंगा जल की स्वच्छता संबंधी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के निष्कर्षों के विपरीत थी। सीपीसीबी लगातार पांच दिन के नमूनों की जांच के बाद इस नतीजे पर पहुंचा कि संगम का पानी पीने और नहाने योग्य नहीं है। फिर भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि ये पानी नहाने और आचमन दोनों के योग्य है। इसके पक्ष में उन्होंने यूपीपीसीबी की रिपोर्ट का हवाला दिया। अब एनजीटी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट की रोशनी में यूपीपीसीबी से जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सीपीसीबी के मुताबिक कई स्थानों पर गंगा में फेकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मान्य स्टैंडर्ड से 1400 गुना और यमुना में 660 गुना ज्यादा मिला। 19 जनवरी को तो हर 100 मिलीलीटर में ये मात्रा सात लाख अधिकतम संभव संख्या (एमपीएन) तक पहुंच गई, जबकि इसे 500 के अंदर होना चाहिए। इस रूप में संगम का पानी नहाने योग्य जल के लिए तय प्रतिमान पर खरा नहीं उतरता। तो जाहिर है, लोगों ने वहां अपनी सेहत के लिए भारी जोखिम लेकर स्नान किया। धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए।**

## महाकुंभ की सफलता ने दुनिया को चौंकाया



आरती कुमारी

समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हुए दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 66 करोड़ का आंकड़ा पारकर अनूठा एवं विलक्षण इतिहास रच दिया। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम पर बने नये कीर्तिमानों ने न केवल दुनिया को चौंकाया बल्कि विस्मित भी किया, इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया, जो न केवल दुनिया को चौंकाने वाला बल्कि सनातन परम्परा का परचम फहराने वाला दुनिया का अकेला आयोजन बन गया है। इस सफल आयोजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ गया है। इस महा अनुष्ठान ने पूरे विश्व को सनातनी एकता का संदेश तो दिया है, यह भी प्रमाणित किया है कि उत्तर प्रदेश अब हर स्तर पर सक्षम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक नये अध्याय के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित यह मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व बना, जो न केवल अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना बल्कि दुनिया में भारत की एक नई छवि, भीड़ प्रबंधन, सनातन एकता के लिये अमिट आलेख बन गया है। सनातन गहराई को मापने वालों को बधाई, इससे नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी हिन्दू संस्कृति पुनः अपने मूल्यों एवं संगठन के साथ नई शक्ल एवं ताकत के रूप में प्रतिष्ठापित होगी। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज महाकुंभ को केंद्र और प्रदेश की सरकारें विश्व समुदाय के समक्ष अद्भुत एवं विलक्षण रूप में प्रस्तुत करने में ऐतिहासिक रूप से सफल रही है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का जितने श्रद्धालु एवं हिन्दू 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुटे, यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना अधिक है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। अमेरिका आबादी से दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुणा से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां आये हैं। यही नहीं, जापान की 5 गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा है। जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतुके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये अब जागरूक एवं संगठित नहीं होगा तो कब होगा? प्रयागराज महाकुंभ लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं देखकर दुनिया भौचक रह गयी। भीड़ प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग और ड्रोन व एंटी ड्रोन सिस्टम से संदिग्धों पर निगाह रखना भविष्य की पुलिसिंग की तस्वीर प्रस्तुत करता है। यही कारण है कि विश्व के कई देशों के विशेषज्ञ यहां भीड़ प्रबंधन पर शोध करने पहुंचे हैं। इतने बड़े आयोजन में एक दो घटनाएं इतनी महत्वपूर्ण नहीं, जितना यह कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु उल्लास और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो लौटा। महाकुंभ ने उन सभी स्थानों के लिए एक मानदंड प्रस्तुत किया है, जहां कुंभ अर्धकुंभ के आयोजन होने हैं। यह ठीक है कि जिस आयोजन में प्रतिदिन एक-दो करोड़ लोगों की भागीदारी होती हो, वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं और वे दिखीं भी, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस आयोजन को विफल बताने की कोशिश की जाए अथवा यह कहा जाए कि श्रद्धालुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। महाकुंभ भारत की हिन्दू संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। भारत एक हिंदू राष्ट्र है यह न केवल हमारा विश्वास है बल्कि ऐतिहासिक, औपचारिक और सामाजिक सत्य भी है। भले ही भारतीय संविधान ने इसे औपचारिक रूप से हिंदू राष्ट्र न घोषित किया हो, लेकिन भारत का अस्तित्व और उसकी आत्मा सनातन धर्म में रची बसी है। इस तथ्य को न केवल भारत के नागरिक बल्कि समूची दुनिया भी स्वीकार करती है। भारत की पहचान केवल एक भौगोलिक इकाई तक ही सीमित नहीं है, यह एक महान सनातनी सभ्यता है, जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं। ऋग्वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, पुराण और स्मृतियां हमारे सांस्कृतिक आधारस्तंभ है। यहीं से वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवंतु सुखिनः जैसे महान विचार जन्म लेते हैं। यदि हम इतिहास को देखें, तो भारत में वैदिक काल से ही हिंदू संस्कृति का वर्चस्व रहा है। मौर्य, गुप्त, चोल, मराठा और अन्य हिंदू राजवंशों ने भारत की सांस्कृतिक और राजनीतिक एकता को बनाए रखा। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासनों के बावजूद, हिंदू समाज अपनी जड़ों से कभी नहीं हटा। भारत को हिंदू राष्ट्र कहने का अर्थ यह नहीं है कि यहां अन्य धर्मों के लिए स्थान नहीं है। हिंदू संस्कृति सदैव सर्वसमावेशी रही है। हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी शक्ल में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हिन्दू मठों, मंदिरों, संतों, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते हुए राजनीति करते रहे हैं। हिन्दू समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा है। आज विश्व भारत को केवल एक राष्ट्र राज्य के रूप में नहीं देखता बल्कि उसे सनातन संस्कृति की जन्मभूमि और हिंदू राष्ट्र के रूप में पहचानता है। नेपाल, इंडोनेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया जैसे देशों की संस्कृति पर भारत का गहरा प्रभाव रहा है। हाल ही में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भगवद्गीता का पाठ किया गया, जो इस बात का प्रमाण है कि विश्व भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्वीकार कर रहा है। अमेरिका और यूरोप में भी योग, वेदांत और भगवद्गीता के प्रति बढ़ती रूचि यह दर्शाती है कि हिंदू जीवन दर्शन वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार की आंधी से हिन्दू धर्म एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा एवं षडयंत्र है। यह सनातन धर्म पर प्रहार न केवल निंदनीय है बल्कि शर्मनाक भी है। कुंभनगरी में सबसे ज्यादा फोकस सेक्टर-18 पर रखा गया, यहां वीआईपी गेट भी बनाया गया, इस पॉइंट पर 72 देशों के ध्वज लगे, जिनके नुमाइंदे ही नहीं, बल्कि लगभग 180 देशों के लोगों ने महाकुंभ में सम्मिलित होकर महाकुंभ के भव्य, व्यवस्थित एवं सफल आयोजन की भरपूर सराहना की है। अनेक विदेशी ने सनातन धर्म में दीक्षित हुए है।

## सूडोकु नवताल- 7357

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7356 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## क्या भाजपा एक नए क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है ?

रंजन श्रीवास्तव

क्या भाजपा वर्ष 2029 में होने वाले लोक सभा चुनावों से पहले किसी बड़े क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है जो खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के खोये हुए जनाधार को फिर से वापस ले आए और मध्य प्रदेश में पार्टी के जनाधार को मजबूती से बनाये रख सके। देखना यह है कि 2029 के चुनावों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम फेस बने रहते हैं या नहीं पर दोनों ही परिस्थितियों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मन में 2024 के परिणाम पीछा करते रहेंगे जबकि भाजपा उत्तर प्रदेश में 63 सीट से नीचे आकर 33 सीट पर सिमट गयी और 400 पार के नारे के बावजूद 240 सीट पर सिमट गयी। पार्टी का उत्तर प्रदेश में अंकगणित खराब हुआ इस बात के बावजूद कि भाजपा यहाँ डबल इंजन के सरकार की बात लगातार करती रही और योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व ब्रांड के एक प्रमुख चेहरा बने रहे। यह सोचना कि भाजपा 2029 के चुनावों में हिंदुत्व के नैरेटिव पर चुनाव नहीं लड़ेगी महज एक अकादमिक चर्चा के लिए तो ठीक है पर वास्तविकता में ऐसा होगा नहीं। इसके बावजूद भी पार्टी नहीं चाहेगी कि उत्तर प्रदेश में वही परिणाम दुहराए जाएँ जो परिणाम 2024 में आए थे। 2029 के पहले उत्तर प्रदेश में 2027 में और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2028 में विधान सभा चुनाव होंगे। मगर विधान सभा के परिणाम का इंतज़ार करने के बजाय भाजपा अभी से अपना चुनावी गणित विशेषकर उत्तर प्रदेश में ठीक करने में लगी है। प्रयागराज में महाकुम्भ 144 साल बाद आयोजित हो रहा है यह बात केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के द्वारा प्रचारित किया गया। परिणामस्वरूप पूरे देश से हिन्दुओं की आस्था का सैलाब प्रयागराज की तरफ उमड़ पड़ा। महाकुम्भ में भगदड़ और मौतें और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ और मौतों ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों की व्यवस्थाओं पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया पर फिर भी जनता इसको लेकर सरकारों के खिलाफ आंदोलित हो गयी हो ऐसा दिखा नहीं। पर आस्था का सैलाब 2029 में वोटों के अंकगणित में बदल जाए और 400 पार का नारा चरितार्थ हो जाए इस बात पर विश्वास करके पार्टी अपनी चुनावी रणनीति नहीं बना सकती। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व किसी किन्तु परन्तु की बजाय ऐसे ठोस रणनीति पर काम करना चाहेगा या काम कर रहा है जिससे उसे 2029 में पूर्ण बहुमत मिले और चौथी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जदयू या टीडीपी जैसे किसी बैसाखी की जरूरत ना पड़े। इसलिए भाजपा अपने हिंदुत्व की धार को और तेज करना चाहेगी और उसके लिए एक ऐसे चेहरे की जरूरत पड़ सकती है जो पहले से आजमाया हुआ ना हो और हिन्दुओं के बड़े वर्ग में उसकी स्वीकारोक्ति हो। तो क्या अब बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के नए हिंदुत्व आइकॉन या अस्त्र हो सकते हैं? जिस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में जाने का प्रोग्राम बनाया और धीरेन्द्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताते हुए उनपर अपना स्नेह उड़ेला उससे तो यही लगता है कि भाजपा नेतृत्व उनकी बढ़ती हुयी लोकप्रियता को देखते हुए उनसे चमत्कृत है। प्रधान मंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास ही नहीं किया बल्कि वहां एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। अप्रत्यक्ष रूप से प्रधान मंत्री ने धीरेन्द्र शास्त्री के पर्ची निकालने विधा की प्रशंसा तक की । उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री की माताजी से यह कहा कि उनके मन में चल रही बात की पर्ची उनके पास है और वह यह कि वे अपने बेटे की शादी देखना चाहती हैं। इन पक्तियों को लिखे जाने तक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुँच चुकी हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी वहां जा चुके हैं और धीरेन्द्र शास्त्री की प्रशंसा कर चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री अपने मंचों से हिन्दू राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं। भाजपा इसपर अपनी मुहर तो नहीं लगाती पर उसकी चुनावी राजनीति में ऐसे नारे या भाषण उसको सम्बल ही प्रदान करते हैं। तर्कवादियों की नज़र में धीरेन्द्र शास्त्री की विधा सिर्फ एक ढोंग है। 2023 में उनके महाराष्ट्र दौरे के दौरान तर्कवादियों ने उन्हें उनकी सिद्धि को साबित करने की चुनौती दी थी। पर धीरेन्द्र शास्त्री वहां से वापस चले आए और दावा किया कि वो मैदान छोड़कर नहीं भागे बल्कि उनकी वहां से वापस आने का प्लान पूर्व निर्धारित था। पिछले वर्ष गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार ) के विरुद्ध उनके द्वारा कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने पर कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया गया था। जाहिर है धीरेन्द्र शास्त्री के बारे में जनता में दो मत है पर फिर भी बहुत से लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मानकर उनके दरबार में जाते हैं और अपनी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा रखते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। गौ सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्तों में चल रही अनबन से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। सोशल वर्क कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं आपके रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है ।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

## मुस्लिम जनरल वर्ग अब जाग गया है और उन्हें कुछ राजनीतिक नेताओं के इरादों का पता भी चल गया है

अशोक भाटिया , मुंबई

वक्फ बोर्ड विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 14 बदलावों के साथ मंजूरी दे दी है और इसे विचार के लिए भेजा जाएगा। पिछले कुछ दिनों से विधेयक पर चर्चा की जा रही है। अंत में, 14 बदलावों वाला विधेयक आज संसदीय समिति को भेज दिया गया है। समिति द्वारा सुझाई गई 44 सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया गया और शेष विधेयक समिति को भेज दिया गया। इस पर लंबे समय तक चर्चा हुई और विपक्ष इससे परेशान था। अब इसे बजट सत्र के दूसरे चरण में जोड़ा जाएगा। भेजा जाएगा। बजट सेशन का दूसरा फेज 10 मार्च से चार अप्रैल तक प्रस्तावित है. भाजपा के कई टॉप लीडरों ने दावा किया है कि इस सेशन के दौरान ही बिल पारित होने की संभावना है. जेपीसी की 655 पन्नों वाली इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मेंबरों द्वारा दिए गए सुझाव शामिल थे. विपक्षी सदस्यों ने इसे असंवैधानिक करार दिया था और आरोप लगाया था कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा. भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया था कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया बिल वक्फ प्रोपर्टी के मैनेजमेंट में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने की कोशिश करेगा. कमेटी ने भाजपा सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था. वक्फ (अमेंडमेंट) बिल, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद आठ अगस्त, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था. विधेयक का मकसद वक्फ प्रोपर्टी को विनियमित और प्रबंधित करने से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए वक्फ एक्ट, 1995 में संशोधन करना है. गौरतलब है कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू अगस्त 2024 में लोकसभा में वक्फ विधेयक लेकर आए थे, जिसे पेश किए जाने के बाद JPC को भेजा गया था। जेपीसी में बीजेपी और सहयोगी दलों के 16 सांसद थे, जबकि विपक्ष के 10 सांसद थे। 655 पन्नों की रिपोर्ट फरवरी महीने की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों में पेश की गई थी। बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल और संजय जायसवाल ने लोकसभा में जेपीसी रिपोर्ट को पेश किया था। उन्होंने संयुक्त समिति के समक्ष दिए गए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन के पटल पर रखा। राज्यसभा में मेधा कुलकर्णी ने जेपीसी रिपोर्ट को पेश किया था। संसदीय पैनल ने रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार कर लिया, जबकि पैनल में शामिल विपक्षी दलों के सभी 11 सांसदों ने रिपोर्ट पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने असहमति नोट भी पेश किए थे। जेपीसी रिपोर्ट सदन में रखे जाने के समय इस पर काफी हंगामा हुआ था। विपक्ष के सदस्यों ने सरकार पर बड़े आरोप लगाए थे। उसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया था कि रिपोर्ट में विपक्ष के असहमति नोट को रखे जाने से कोई आपत्ति नहीं है। मूल रूप से, वक्फ बिल भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के द्वारा रचा गया था । उन्होंने अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए जितनी तरकीबें चल सकती थीं, अपनाईं। वक्फ उनमें से एक है। कांग्रेस ने इस बिल के जरिए अल्पसंख्यकों को जितना खुश कर सकती थी, किया। वक्फ बिल पर किसी ने आपत्ति नहीं की क्योंकि यह कांग्रेस की ही संतान थी और इतने सालों से सत्ता में थी। इस बिल की आड़ में मुसलमानों ने इस देश पर बेहद अत्याचार किए। मुस्लिम संगठनों ने हिंदुओं की भूमि पर कब्जा कर लिया और भूमि पर दावा किया क्योंकि उस जगह पर मुस्लिम संगठन का कोई निशान नहीं था। यह वर्षों से चल रहा था, लेकिन इसके खिलाफ बहुत चिल्लाया गया और केंद्र में कांग्रेस सरकार और हिंदू जाग गए। परिणाम यह है कि वक्फ संशोधित संशोधन विधेयक अब पेश किया जा रहा है। वक्फ विधेयक में, विपक्षी दलों द्वारा सुझाई गई 44 सिफारिशों को खारिज कर दिया गया था, जबकि सत्तारूढ़ दलों द्वारा 14 सिफारिशें पारित की गई थीं। 2013 में, यूपीए सरकार ने वक्फ बोर्ड की शक्ति में वृद्धि की थी। महिलाएँ, गरीब महिलाएँ आदि वक्फ बोर्ड की शक्ति बढ़ाने की माँग कर रही थीं, लेकिन सरकार ने कहा कि मुसलमान आम लोग नहीं हैं, बल्कि शक्तिशाली लोग हैं। इसलिए मोदी सरकार ने मुस्लिम वक्फ बोर्ड एक्ट में संशोधन करके उसे बदलने का विचार किया था। अब पहला कदम उठाया गया है। वह इसके खिलाफ अपील नहीं कर सकता था। केवल वक्फ बोर्ड ही अपील कर सकता था। ऐसे में सवाल उठाया गया कि वक्फ बोर्ड कैसे न्याय करेगा। तदनुसार, कोई भी वक्फ बोर्ड के फैसले के खिलाफ अपील नहीं कर सकता था और न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार बोर्ड के परिणामों में हस्तक्षेप कर सकती थी। अब यह स्थिति बदलेगी और अदालत वक्फ बोर्ड के फैसले को बदल सकती है। भारत में वक्फ की दौलत दुनिया में सबसे ज्यादा मानी जाती है। सटीक संख्या बताने के लिए, संपत्ति 200 करोड़ रुपये से अधिक है और केवल वक्फ बोर्ड के पास इस पर अधिकार क्षेत्र है। जो लोग वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करते हैं, वे भी अधिनियम के खिलाफ हैं। भले ही कांग्रेस यह बिल सिर्फ मुसलमानों को खुश करने के लिए लाई हो, लेकिन हर कोई इससे तंग आ चुका है। दिलचस्प बात यह है कि भारत में वक्फ की संपत्ति इतनी अधिक होने के बावजूद, केंद्र सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। वर्तमान कानून के तहत, वक्फ बोर्ड को अपनी संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट को हस्तांतरित करनी होगी और नए विधेयक में यह प्रावधान होगा कि केवल मुसलमान ही वक्फ संपत्ति बना सकते हैं। पहले, यह मामला नहीं था, लेकिन अब एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ बोर्ड के पास जाती है, संशोधित विधेयक में मुस्लिम महिलाओं को न्याय देते हुए गरीब मुसलमानों के लिए न्याय का प्रावधान है। पहले बोर्ड में केवल पुरुष थे, लेकिन अब महिलाओं को इसमें शामिल किया जाएगा। महिला सदस्य भी इसमें भाग ले सकती हैं। कुल मिलाकर, संशोधित विधेयक मुस्लिम महिलाओं को न्याय देते हुए गरीब मुसलमानों के लिए न्याय प्रदान करता है। केंद्रीय परिषद में भी महिलाएं शामिल होंगी। इसलिए कोई भी मनमानी नहीं करेगा। संशोधित वक्फ बोर्ड में एक स्वागत योग्य परिवर्तन यह है कि इसमें महिलाओं को शामिल किया गया है। अब संशोधित बिल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस पर काफी राजनीति चल रही है और असदुद्दीन ओवैसी जैसे लोग मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिए जाने से काफी नाराज हैं। उनके अनुसार, विधेयक का उद्देश्य समानता का अधिकार छीनना है। दरअसल, मुस्लिम महिलाओं को अगर उस गुलामी के साथ न्याय दिया जाता है जिसमें वे इतने सालों तक रहीं तो पुरुष तंग आ चुके हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसके खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है, लेकिन कुछ नहीं होगा। क्योंकि अब मुस्लिम वर्ग जाग चुका है और विपक्षी दल और स्वार्थी नेता कितना भी चिल्ला दें, मुस्लिम जनरल वर्ग अब जाग गया है और उन्हें कुछ राजनीतिक नेताओं के इरादों का पता चल गया है। वे उनका शिकार नहीं होंगे। अब संशोधित बिल में विधेयक में किसी भी वक्फ संपत्ति के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने का प्रस्ताव है, ताकि संपत्ति का मूल्यांकन किया जा सके। इसमें ये भी कहा गया है कि 'इस अधिनियम के लागू होने से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी गई या घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति वक्फ संपत्ति नहीं मानी जाएगी'। जिला कलेक्टर ये तय करने वाला मध्यस्थ होगा कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या सरकारी भूमि और ये निर्णय अंतिम होगा। एक बार निर्णय लेने के बाद कलेक्टर राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक परिवर्तन कर सकता है और राज्य सरकार को एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। विधेयक में ये भी कहा गया है कि कलेक्टर की ओर से राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट पेश करने तक ऐसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा।

# चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में इंडिया-आस्ट्रेलिया हो सकते हैं आमने-सामने

## आज इंग्लैंड-साउथ अफ्रीका के बीच होगा सेमीफाइनल का मुकाबला

» भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहले ही पहुंच चुके हैं सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली** । आईसीसी चैंपियन ट्राफी 2025 के तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, जबकि चौथी टीम आज होने वाले मैच पर तय होगी। टीम इंडिया के बाद न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल्स के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। चौथी टीम साउथ अफ्रीका हो सकती है। साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जीत जरुरी नहीं। ऐसे में कहा जा सकता है कि वर्ल्ड कप 2023 जैसे स्थिति बन सकती है और चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है। बता दें वर्ल्ड कप 2023 की सेमीफाइनल्स इंडिया, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच हुआ था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी यही चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हैं, जिनमें से भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहले ही पहुंच चुकी हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ जीत मिलती है तो साउथ अफ्रीका टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी और अगर इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका की टीम मैच हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल खेलेगी। इसके लिए साउथ अफ्रीका को अगर इंग्लैंड ने 300 रन बनाए तो 207 या इससे ज्यादा रनों से हार नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा अगर साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी की और 300 रन बनाए तो इंग्लैंड को 11.1 ओवर में उस टारगेट को चेज नहीं करने देना चाहिए। अगर इससे बच जाती है और साउथ अफ्रीका की टीम मुकाबला हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि साउथ अफ्रीका के तीन पॉइंट रहेंगे और अफगानिस्तान से उसका नेट रन रेट बेहतर रहेगा। माना जा रहा है कि इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हो सकता है। अगर पहला सेमीफाइनल इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच होता है और दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच और दोनों टीमें अपने सेमीफाइनल्स जीत जाएं तो फिर फाइनल में दोनों का मुकाबला हो सकती है। अगर साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को हरा दिया तो फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे पायदान पर होगी, जबकि इंडिया ने न्यूजीलैंड को हरा दिया तो भारत की टीम ग्रुप ए में नंबर वन होगी। ऐसे में इन दोनों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा।

# शमी खतरनाक गेंदबाज, हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का ढूंढते हैं तरीका

## केएल राहुल ने किया खुलासा, कीपिंग के अनुभव किए साझा



**दुबई** । भारत के विकेटकीपर और बल्लेबाज केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मुकाबले से पहले मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह में से खरतनाक कौन? वाले सवाल का जवाब दिया है। बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिला है। इस दौरान टीम इंडिया के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहम्मद शमी का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन शानदार रहा है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैच में काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। इस बीच राहुल ने शमी के सामने कीपिंग के अपने अनुभव और चुनौतियों को साझा किया है। राहुल ने खुलासा किया कि मोहम्मद शमी हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का एक तरीका ढूंढते हैं, अक्सर उन्हें फुल-लेंथ डाइव लगाने के लिए मजबूर करते हैं। राहुल ने बुमराह से ज्यादा शमी को तवज्जो दी है और कहा कि विकेटकीपिंग के दौरान शमी के खिलाफ मुश्किल बात यह है कि हर खेल में किसी न किसी तरह वह यह तय करते हैं कि मैं पूरी लंबाई में गोता लगाऊं और फिर वह मुझे स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन करने या कभी-कभी बेवकूफ दिखने के एक या दो मौके देते हैं। उन्होंने कहा कि शमी, बुमराह के साथ मिलकर प्रभाव पैदा करते हैं। राहुल ने हाल के नेट सत्र को याद किया जहां शमी की तेज़ गति ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नेट पर शमी ने मुझे सीधे बैज पर मारा। इसलिए ये सभी चीजें उसे एक बहुत ही मुश्किल गेंदबाज बनाती हैं जिसके खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। राहुल ने कहा कि बुमराह दूसरे या तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इसका किसी चीज से क्या लेना-देना है, लेकिन वह स्टंप के पीछे भी गेंद को डगमगाते हैं। इसलिए यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। अपने प्राकृतिक सीम मूवमेंट से परे, राहुल ने शमी की सटीकता और तीक्ष्णता पर जोर दिया, ऐसे पहलू जिनकी अक्सर सराहना नहीं की जाती है। राहुल ने तारीफ करते हुए कहा कि हर कोई इस बारे में बात करता है कि शमी कितना प्रतिभाशाली है, वह किसी भी परिस्थिति में गेंद को सीम कैसे करा सकता है और उसकी सीम कितनी सीधी है, लेकिन बहुत से लोग इस बारे में बात नहीं करते हैं कि वह कितना सटीक है और कितना तेज है।

# पसंदीदा कवर ड्राइव से पारी को नियंत्रित करते हैं विराट



**दुबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि कवर ड्राइव उनका पसंदीदा शॉट है । कोहली के अनुसार इस शॉट से वह पारी को नियंत्रित भी कर पाते हैं हालांकि कभी-कभी ये नुकसान देह भी रहा है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफ में शतक के दौरान भी कई कवर ड्राइव लगाये थे। कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए एक वीडियो में कहा कि ये एक कठिन स्थिति है। ये कवर ड्राइव पिछले कुछ साल में मेरी कमजोरी रहा है हालांकि इसी शॉट से उन्होंने काफी रन भी बनाये हैं। ,कोहली ने कहा, ''क्योंकि जब मैं इस तरह के शॉट लगाता हूं तो मैं क्रीज पर बल्लेबाजी करते समय नियंत्रण महसूस करता हूं। इसलिए पाक के खिलाफ खेली गयी पारी मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक अच्छी पारी थी"। उन्होंने कहा कि तीसरे नंबर पर उनकी भूमिका पिछले कुछ साल में बदलाव रहित रही है। एक बात जो मैंने हमेशा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय सोची है, वह है जोखिम को कम करना और यह तय करना कि मैं अपनी टीम को जीत की स्थिति में बनाये रखूं। विराट जब पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में जब शतक लगाने के करीब थे, तो उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े अक्षर पटेल इस बात का हिसाब लगा रहे थे कि किस प्रकार खेला जाये जिससे विराट शतक तक पहुंच पायें।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल हुए नेमार



**रियो डी जेनेरियो** । नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। लंबी रिकवरी प्रक्रिया के बाद, नेमार ने जनवरी में अल-हिलाल से बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल होने के बाद से अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी टीम में शामिल किया है, जबकि अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो के साथी लुकास मौरा को भी टीम में शामिल किया है। जैसा कि अपेक्षित था, 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के हमलावर विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के प्रवर्तक ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर राफिन्हा शामिल हैं। ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा। पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 12 क्वालीफायर से 18 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जो लीडर अर्जेंटीना से सात अंक पीछे है।

# प्राग मास्टर्स: प्रज्ञानानंद ने दाई वैन को हराकर दर्ज की पहली जीत



**प्राग** । भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शुक्रवार को प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। यह जीत उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रही, क्योंकि पहले दो राउंड में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था। खेल निम्जो-भारतीय रक्षा से शुरू हुआ, जिसमें प्रज्ञानानंद ने रणनीतिक बढ़त बनाई। 14वीं चाल में ही उन्हें निर्णायक बढ़त मिल गई, जिसके बाद उन्होंने आसानी से मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। हालांकि, बीच के कुछ क्षणों में थोड़े उतार-चढ़ाव आए, लेकिन परिणाम पर कोई संदेह नहीं था। मध्य खेल में दाई वान रक्षात्मक स्थिति में थे, बावजूद इसके कि उनके पास अतिरिक्त मोहरा था। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सूझबूझ और सटीकता से खेलते हुए स्थिति को अपने पक्ष में कर लिया। उन्होंने मामूली पीस के बदले रूक प्राप्त किया और अंततः तकनीकी उत्कृष्टता से जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर बोलते हुए प्रज्ञानानंद ने कहा, "पहले राउंड में कुछ खास नहीं था, मेरी स्थिति अच्छी थी। लेकिन आज की जीत मेरे लिए महत्वपूर्ण थी और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है।" इस जीत के साथ प्रज्ञानानंद टूर्नामेंट में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं और खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

## व्यापार

# सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही

» सेंसेक्स 1,414 अंक गिरकर 73,198.10 पर बंद

» निफ्टी भी 420 अंक गिरकर 22,124.70 पर बंद




**मुंबई** । उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच अमेरिकी व वैश्विक बाजारों में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महाशिवरत्रि के पर्व के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे, इस दिन बीएसई और एनएसई में कारोबार नहीं हुआ। जिसकी वजह से बीते सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। सोमवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स लगातार पांचवें सत्र के लिए लाल निशान में खुले। सोमवार को बाजार खुलने के बाद सभी क्षेत्रों में बिकवाली देखी गई। इस दौरान सेंसेक्स 733.86 की गिरावट के साथ 74,577.20 पर खुला और 856.65 की गिरावट के साथ 74,454.41 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 222.61 अंक गिरकर 22,573.30 पर खुला और 242.56 अंक फिसलकर 22,553.35 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स हर निशान के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 117.57 अंक बढ़कर 74,571.98 पर खुला और 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 31.3 अंक की उछाल के साथ 22,584.65 पर खुला और 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को महाशिवरात्रि की छुट्टी के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 231.97 अंक चढ़कर 74,834.09 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1300 अंकों से अधिक क्रैश होकर 73,276.50 अंक पर खुला और 1,414.33 अंक गिरकर 73,198.10 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 400 अंकों का गोता लगाकार 22,138.95 के स्तर पर खुला और 420.35 अंक गिरकर 22,124.70 के स्तर पर बंद हुआ।

# लोक लेखा अधिकारी सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सरल बनाएं : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली** । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सिविल अकाउंट्स सर्विसेज के अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के लिए सरल बनाने का आह्वान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में 49वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की अगुवाई में भारतीय लोक लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारियों की ''मौन तकनीकी क्रांति'' के लिए सराहना की, जिसके तहत राज्यों को संचालन में बहुत आसानी हो रही है और सरकारी कामकाज को आसानी से पूरा किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की 1,200 योजनाओं में से 1,100 अब प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के तहत हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाए। उन्होंने अपने संबोधन में डीबीटी को बेहतर बनाने में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने कहा कि 1200 में से 1100 केंद्रीय और राज्य योजनाएं अब डीबीटी के तहत हैं, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए हैं। उन्होंने पीएफएमएस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसने बिचौलियों को खत्म करके और यह सुनिश्चित करके कि लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे, सरकार को सीधे वितरण में महत्वपूर्ण मदद की है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां 140 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। यहां हर राज्य की अपनी चुनी हुई सरकार होती है लेकिन सभी वित्तीय व्यवस्थाएं एक साथ जुड़ी हुई हैं और कुशलता से काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि देश में भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की स्थापना 1976 में सार्वजनिक वित्तीय प्रशासन में महत्वपूर्ण सुधार के तहत की गई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ने 1 मार्च, 1976 को केंद्र सरकार के खातों को लेखापरीक्षा कार्यों से अलग करने संबंधी अध्यादेश जारी किए थे। तब से लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के नेतृत्व में भारतीय सिविल लेखा सेवा वित्तीय प्रशासन में अग्रणी रहा है।

# देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 चैंपियंस ट्रॉफीः दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 179 पर सिमटी इंग्लैंड की टीम,सूफी परंपरा ने भारत में बनाई अपनी अनूठी पहचान,जहां-ए-खुसरो कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी
2 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता को उसके गीतों और संगीत से आवाज मिलती है,उन्होंने सूफी परंपरा की अनूठी पहचान की सराहना की और रमजान की शुभकामनाएं दीं
3 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से गुजरात के तीन दिन के दौरे पर,वह जूनागढ़ जिले के सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड एनबीडब्ल्यूएल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे,वह जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव केंद्र वंतारा भी जाएंगे,पीएम श्री सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे
4 राजनाथ सिंह बोलेःआधुनिक प्रौद्योगिकियों ने युद्ध के आयाम को बदला,तकनीकी चुनौतियों के समाधान से भारत मजबूत
5 केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई शिक्षा नीति को अपनाने की वकालत की,उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति एनईपी में फील्ड वर्क, प्रैक्टिकल और अनुसंधान जैसे तत्वों को शामिल करके मौजूदा शिक्षा प्रणाली की प्रकृति को बदलने का प्रयास किया गया है
6 हैदराबाद में डीआरडीओ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह विज्ञान वैभव-2025' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य की संयुक्त जिम्मेदारी है कि हमारी आने वाली पीढ़ी को अच्छी शिक्षा मिले,कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे; इसके अलावा भावी पीढ़ियां भविष्य और वैश्विक स्तर पर भी तैयार हों
7 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण बैठक की,बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता,गृह विभाग के मंत्री आशीष सूद और दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए;बैठक में महिला सुरक्षा और बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर खास चर्चा की गई,इस दौरान कानून-व्यवस्था से लेकर सड़कों की समस्या पर भी चर्चा की गई
8 सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले सकेंगे रोहिंग्या बच्चे,जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश,सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या बच्चे सरकारी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं और अगर उन्हें इनकार किया जाता है,तो वे हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं
9 मैं बनिये की लड़की हूं,फिजूलखर्ची नहीं कर सकती;AAP के वीडियो का जिक्र कर बोलीं दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता
10 हिंद महासागर में सीमाएं लांघ रहा चीन, पर भारत हद में रखना जानता हैःनौसेना प्रमुख
11 एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे पर पलटवार,कहाःउनके पाप धोने के लिए महाकुंभ गया था
12 हरियाणा में 10वीं की परीक्षा में नकल कराई गई,खिड़की, रोशनदान,छतों से स्टूडेंट्स तक पर्चियां पहुंचाई गईं,टीचर्स ने भी मदद की
13 जीडीपी ग्रोथ तीसरी तिमाही में 6.2% रही,दूसरी तिमाही में ये 5.4% थी,2024-2025 में 6.5% की दर से बढ़ने का अनुमान
14 चैंपियंस ट्रॉफीः बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया- अफगानिस्तान मैच बेनतीजा,दोनों को एक-एक अंक मिले, ऑस्ट्रेलिया 16 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा
15 जोस बटलर ने इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ी,चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद फैसला लिया;कराची में आखिरी बार लीड
16 यूक्रेन जंग पर ट्रम्प-जेलेंस्की में तीखी बहस,US प्रेसिडेंट बोलेःआपने अमेरिका का अपमान किया;जेलेंस्की बातचीत छोड़कर व्हाइट हाउस से निकले
17 मौसम ने मारी पलटी...दिल्ली में तेज बारिश और राजस्थान यूपी में गिरे ओले; पहाड़ों पर बर्फबारी; IMD ने जारी किया अपडेट
18 मोहल्ला क्लीनिकों में शौचालय नहीं,कोविड फंड का इस्तेमाल नहीं हुआ, CAG रिपोर्ट में हुए कई बड़े खुलासे
19 यूक्रेन को रूस के साथ युद्धविराम का समझौता करना होगा...जेलेंस्की से मुलाकात के बाद बोले ट्रंप,दोनों नेताओं के बीच मीटिंग में हुई तीखी बहस
20 देश में कहीं नहीं हुआ रमजान के चांद का दीदार,पहला रोज़ा रविवार को होगा
21 हिंद महासागर में सीमाएं लांघ रहा चीन, भारत के नौसेना प्रमुख ने दी खुली चेतावनी
22 इस साल 20 हजार करोड़ रुपये तक जा सकती है साइबर धोखाधड़ी,डिजिटल इकोनमी के लिए बनी गंभीर खतरा
23 जहान-ए खुसरो कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी,बोलेः गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद खुसरो ने अतीत से जोड़े रखा
24 मणिपुर-राष्ट्रपति शासन के बाद गृह मंत्री की पहली बैठक,हथियार सरेंडर करने की समय सीमा 6 मार्च तक बढ़ी;कल भी हुई थी गोलीबारी
25 पाकिस्तानः नौशेरा में आत्मघाती विस्फोट में हक्कानी मदरसे के मौलाना सहित सात लोगों की मौत
26 रूस ने प्रक्षेपित किया प्रोग्रेस एमएस-30 कार्गो अंतरिक्ष यान,2 दिनों में अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने की उम्मीद
27 भाजपा अपील समिति की हुई बैठकः आपराधिक मामला दर्ज होने की मिली शिकायत,कमेटी ने मदन राठौड़ को सौंपी रिपोर्ट
28 गृह मंत्री का दिल्ली पुलिस को सख्त निर्देश,अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की मदद करने वाले नेटवर्क के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई
29 सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी और आईआईएम में आत्महत्याओं को बताया 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण,मामलों की जांच के लिए मजबूत तंत्र बनाने का दिया आश्वासन
30 उत्तराखंड हिमस्खलनः57 में से 32 श्रमिकों को बचाया,25 अभी भी फंसे;खराब मौसम के कारण बचाव अभियान रोका
31 इस साल के अंत में होने हैं बिहार विधानसभा चुनाव, जीतन राम मांझी बोलेःमुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा एनडीए
32 जम्मू-कश्मीर के रामबन में पीओके स्थित हिजबुल के पांच आतंकवादियों की 2.9 एकड़ जमीन की जब्त
33 आधुनिक युद्ध में मारक क्षमता के नए आयाम जोड़ रही हैं महत्वपूर्ण,अत्याधुनिक तकनीकेंःराजनाथ सिंह
34 CAG report:40 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां भी नहीं दे पाई आप' सरकार
35 चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन,जोस बटलर ने छोड़ी इंग्लैंड की कप्तानी
36 AFG vs AUS मैच बारिश के कारण रद्द,अंक बंटे, अफगानिस्तान के अब भी बन सकते हैं चांस
37 8 मार्च को महिला सम्मान योजना लागू कर सकती है दिल्ली सरकार
38 चैंपियंस ट्रॉफीः दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 179 पर सिमटी इंग्लैंड की टीम
39 जादवपुर यूनिवर्सिटी में हंगामा, बंगाल के शिक्षा मंत्री को बनाया बंधक
40 मायावती ने रविवार को बुलाई बसपा की बड़ी बैठक,सभी पदाधिकारी और प्रदेश अध्यक्ष रहेंगे मौजूद;उद्धव ने मातोश्री पर की पार्टी नेताओं संग मैराथन बैठक,9 में 8 लोकसभा सांसद रहे मौजूद

# रजनीकांत की कुली में पूजा हेगड़े की एंट्री, पहली झलक आई सामने






साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं. थलाइवा के इस एक्शन थ्रिलर को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन जैसे बड़े कलाकार शामिल हैं. आज, मेकर्स ने एक नए कलाकार की पहली झलक दिखाई है. जी हां, कुली मेकर्स ने फिल्म से साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक जारी किया है. पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है. पूजा हेगड़े, लोकेश कनगराज निर्देशित कलाकारों में शामिल हो गई हैं. गुरुवार को सन पिक्चर्स ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर कुली से पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक जारी किया है, जिसमें वे लोकेश कनगराज निर्देशित फिल्म में अपनी भूमिका का खुलासा करती नजर आ रही हैं. फर्स्ट लुक जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, हां, आपने सही अनुमान लगाया. कुली के सेट पूजा हेगड़े. पोस्टर में पूजा हेगड़े को हॉट रेड कलर के कटआउट गाउन में देखा जा सकता है. खुले बाल और बड़े से इयररिंग्स में पूजा काफी खूबसूरत लग रही हैं. उनके इस लुक की हर कोई तारीफ कर रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में पूजा हेगड़े किसी स्पेशल सॉन्ग पर परफॉर्म कर सकती हैं. इससे पहले मेकर्स ने रजनीकांत के बर्थडे पर फिल्म से नए गाने चिकिटू का प्रोमो जारी किया था, जिसने फैंस को खुश कर दिया था. प्रोमो शेयर करते हुए मेकर ने कैप्शन में लिखा है, साउंड अह येथू, देवा वरार, सेलिब्रेट सुपरस्टार, कुली की चिकिटू वाइब के साथ सुपरस्टार रजनीकांत का बर्थडे सेलिब्रेशन. कुली की शूटिंग भारत के कई खूबसूरत शहरों में सूट किया गया है. कुली की शूटिंग हैदराबाद से शुरू हुई. इसके बाद विशाखापट्टनम, जयपुर जैसे शहरों में इसे सूट किया गया है. इस बीच मेकर्स ने फिल्म से कास्ट का ऑफिशियल पोस्टर भी जारी किया है. कुली एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है जो सोने की तस्करी करने वाले माफिया पर केंद्रित है. रजनीकांत के एक्शन थ्रिलर फिल्म में साउथ सुपरस्टार नागार्जुन, श्रुति हासन, उपेंद्र, सत्यराज, सौबिन शाहिर, संदीप किशन और रेबा मोनिका जॉन जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार आमिर खान कैमियो रोल में नजर आएंगे.




# धनुष ने फैंस को दिया तोहफा, धांसू पोस्टर संग कुबेर की रिलीज डेट अनाउंस

साउथ सुपरस्टार धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर कुबेर का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. खासकर कुछ दिन पहले कुबरे की पहली झलक सामने आने के बाद दर्शक इसकी रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे. अब मेकर्स ने ये इंतजार खत्म करते हुए कुबेर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. साथ ही एक शानदार पोस्टर भी रिलीज किया है. रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपने ट्वीटर अकाउंट पर कुबेर का धांसू पोस्टर रिलीज किया जिसमें धनुष और नागार्जुन को एक दूसरे के सामने इंटेंस लुक में देखा जा सकता है. उनके बीच में जिम सर्भ खड़े हैं जिनके आसपास बिल्डिंग का गोल स्ट्रक्चर है. पोस्टर पर लिखा है, 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में, हैप्पी महाशिवरात्रि. रश्मिका ने कैप्शन लिखा, कुबेर 20 जून को रिलीज हो रही है. कुबेर का फर्स्ट लुक गणेश चतुर्थी पर रिलीज किया गया था जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया. फर्स्ट लुक एक टीजर जैसा ही थी जिसमें धनुष और नागार्जुन अलग ही अवतार में नजर आए, दोनों के कैरेक्टर इंटेंस थे वहीं रश्मिका और पद्मावत फिल्म में अपनी एक्टिंग से दिवाना बनाने वाले जिम सर्भ के किरदारों में भी गंभीरता दिखी. फिल्म के पोस्टर्स में धनुष जहां पूरी दाढ़ी और बढ़े हुए बालों के साथ एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अजीबोगरीब अपीयरेंस ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि फिल्म किस बारे में होगी. दूसरी ओर नागार्जुन अक्किनेनी के किरदार में भी नयापन है. देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म में क्या होने वाला है. कुबेर में धनुष, रश्मिका और नागार्जुन के साथ दिलीप ताहिल भी खास रोल में हैं. फिल्म को शेखर कम्मुला के साथ एमिगोस क्रिएशन ने प्रोड्यूस किया है वहीं म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने दिया है. इसका निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है.

# शॉर्ट ड्रेस पहन अनन्या पांडे ने शेयर किया ग्लैमरस लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख फैंस के उड़े होश



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- अमेजिंग एंड स्टनिंग। अनन्या पांडे की लेटेस्ट फोटोशूट कराई गई फोटोज में आप देख सकते हैं, उन्होंने व्हाइट कलर की स्टाइलिश शॉर्ट स्कर्ट और साथ ही शर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।



# मैं तमिल लड़की नहीं हूं, लेकिन आपने जो प्यार मुझ पर बरसाया है, वह अमूल्य है: कयादु लोहार



निर्देशक अश्वथ मारीमुथु की हाल ही में रिलीज़ हुई फ़िल्म ड्रैगन से तमिल सिनेमा में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री कायादु लोहार फ़िल्म रिलीज़ होने के बाद से ही दर्शकों से मिल रहे प्यार से अभिभूत हैं। वास्तव में, इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री की टाइमलाइन इतनी प्रशंसात्मक टिप्पणियों और संपादनों से भर गई है कि अभिनेत्री ने अब इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप डाली है, जिसमें उन्होंने अपने सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया है, जिसे वह अमूल्य कहती हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने इस वीडियो क्लिप में तमिल और तेलुगु में बात की है। कयादु लोहार ने कहा मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। पल्लवी, ड्रैगन और मुझे जो प्यार मिला है, उसने मुझे अभिभूत कर दिया है। चाहे वह सिनेमाघरों में आपकी सीटियां हों या आपके टैग, या इंस्टाग्राम पर स्टोरीज या खूबसूरत कमेंट्स, मैं खुशी से भर गया हूं। मैं तमिल लड़की नहीं हूं। मैं भाषा अच्छी तरह से नहीं बोल सकती। लेकिन आपने जो प्यार मुझ पर बरसाया है, वह अमूल्य है। मुझे विश्वास है कि मैं अपनी फिल्मों के माध्यम से आप सभी के इस प्यार का बदला चुकाऊंगा और आप सभी को गौरवान्वित करूंगा । ड्रैगन, जिसे गैर-नाट्य प्रदर्शनों से अर्जित धन के कारण रिलीज से पहले ही सफल घोषित कर दिया गया था, ने बहुत मजबूत शुरुआत की है तथा मात्र तीन दिनों में 50 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। कल्पति एस अघोरम, कल्पति एस गणेश और कल्पति एस सुरेश द्वारा निर्मित इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन ने अनुपमा परमेश्वरन और कयादु लोहार के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म का संगीत लियोन जेम्स ने दिया था और छायांकन निकेत बोम्मी ने किया था। फिल्म का संपादन प्रदीप ई.राघव ने किया था और स्टंट विक्की और दिली सुब्बारायन ने किए थे। फिल्म की कहानी अश्वथ मरीमुथु और प्रदीप रंगनाथन ने मिलकर लिखी थी जबकि संवाद और पटकथा अश्वथ मरीमुथु ने लिखी थी। फिल्म का सह-निर्देशन रमेश नारायणन ने किया था और वेशभूषा दिनेश मनोहरन और प्रवीण राजा ने तैयार की थी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।